साहित्यशास्त्रीयराष्ट्रियशोधसङ्गोष्ठी



नाट्यशास्त्रोक्ततत्त्वानाम् अनुशीलनम्

गोष्ठीगव्यम्

२०१५-१६

राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्

(विश्वविद्यालयसमम्)

(भारतसर्वकारस्य मानवसंसाधनविकासमन्त्रालयाधीनम्)

(NAAC द्वारा 'ए' श्रेण्यां प्रत्यायितम्)

क. जे. सोमैयासंस्कृतविद्यापीठम्, विद्याविहारः, मुम्बई-७७

दूरभाषः- ०२२-२१०२५४८५, २१०२५४५२

गोष्ठीगव्यम्

साहित्यराष्ट्रियसंगोष्ठी

2015-16

नाट्यशास्त्रोक्ततत्त्वानाम् अनुशीलनम्

संगोष्ठीसंरक्षकः

प्रो. परमेश्वरनारायणशास्त्री

कुलपतिः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, नवदेहली

संगोष्ठीसमितेः अध्यक्षः

प्रो. एम्. चन्द्रशेखरः

प्राचार्यः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्,

क.जे.सोमैया संस्कृतविद्यापीठम्, मुम्बई

प्रधानसम्पादकः मुख्यसंयोजकश्च

प्रो. ई. एम्. राजन्,

साहित्यविभागाध्यक्षः

सम्पादकः संयोजकश्च

डा. नारायणन्. ई. आर्.

सहसम्पादकाः

डा. स्वर्गकुमारमिश्रः

डा. एम्. सुदर्शनचिपळूणकरः

डा. राकेशकुमारजैनः

साहित्यविभागः

राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्,

क. जे. सोमैयासंस्कृतविद्यापीठम्

विद्याविहारः, मुम्बई।

पत्रिका नाम- गोष्ठीगव्यम्

प्रसङ्गः- राष्ट्रियसाहित्यसङ्गोष्ठ्यां प्रस्तुतानि शोधलेखनानि।

विषयः- नाट्यशास्त्रोक्ततत्त्वानाम् अनुशीलनम्

© प्रकाशकः- साहित्यविभागः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्,
क. जे. सोमैयासंस्कृतविद्यापीठम्।
सर्वे अधिकाराः प्रकाशकाधीनाः।

संगोष्ठीसंरक्षकः - प्रो. परमेश्वरनारायणशास्त्री
कुलपतिः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्, नवदेहली

संगोष्ठीसमितेः अध्यक्षः - प्रो. एम्. चन्द्रशेखरः
प्राचार्यः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्,
क. जे. सोमैयासंस्कृतविद्यापीठम्, मुम्बई।

प्रधानसम्पादकः मुख्यसंयोजकश्च- प्रो. ई. एम्. राजन्
साहित्यविभागाध्यक्षः।

सम्पादकः संयोजकश्च- डा. नारायणन्. ई. आर्.

सहसम्पादकाः- डा. स्वर्गकुमारमिश्रः
डा. एम्. सुदर्शनचिपळूणकरः
डा. राकेशकुमारजैनः

प्रकाशनावधिः - 2015-16
अनुकृतयः- 200
अक्षरसंयोजनम्- साहित्यविभागः, रा. सं. सं., मुम्बई
मुद्रकः- वन्दना आर्ट्स्, मुम्बई

01 12 2015

01 12 2015

01 12 2015

01 12 2015

01 12 2015


01 12 2015

01 12 2015


01 12 2015

01 12 2015


RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
DEEMED UNIVERSITY
01 12 2015


RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
DEEMED UNIVERSITY
UNDER MHRD GOVT OF INDIA
01 12 2015


01 12 2015

पुरोवाक्

अपूर्वं वस्तु निर्मातुं कवेरशक्तिप्रदायिनी।
मिथोऽर्धं तनुमास्थाय दीव्यन्ती दम्पती भजे।

विदितमिदं समेषां यत्साहित्यमालोचनामृतमिति। तदाहुर्मनीषिणः-

सङ्गीतमथ साहित्यं सरस्वत्याः स्तनद्वयम्। पूर्वमापातमधुरमन्यदालोचनामृतमिति।

आलोचनेह पुनः पुनरनुसन्धानम्। भावनाऽपर्यायमिति वदति पण्डितराजः। नाट्यं साहित्यस्य व्याप्यो धर्मः। यत्साहित्यपदेन काव्यं दृश्य-श्रव्यात्मकं समस्तं व्याप्नोतीति तद्व्यापकं तदेकदेशीति नाट्यं व्याप्यम्। प्रवृत्तसङ्गोष्ठ्यां विषयः नाट्यशास्त्रसम्बन्धी।

भरतमुनिना सङ्ग्रथितं नाट्यशास्त्रम् उपलब्धग्रन्थेषु प्रथमं विस्तृतञ्च, यत्र षट्त्रिंशदध्यायाः वर्तन्ते। नाट्यस्य सर्वे विषयाः यत्राध्यायेषु विभक्तास्सन्ति। नाट्यशास्त्रे नाट्यसम्बन्धिनः- नाट्येतरसम्बन्धिनश्च विषयाः दरीदृश्यन्ते। तत्र नाट्यमण्डपनिर्माणादि नाट्यमात्रसम्बन्धि, किन्तु रस-भावादिविषयकोऽध्यायः काव्यमात्रसम्बन्धी।

नाट्यशास्त्रे क्वचित्सूत्रैर्विषयोल्लेखः क्वचिच्च कारिकाभिः। तत्र षष्ठेऽध्याये रसनिष्पत्तिप्रतिपादकं रससूत्रं बहुभिर्बहुधा चर्चितम्। तेषु आचार्यलोल्लट-शङ्कुक-भट्टनायकाऽऽनन्दवर्धनाः मुख्याः। तत्रापि आचार्याभिनवगुप्तमतं प्रायेण सर्वैरङ्गीकृतम्।

क. जे. सोमैयापरिसरे प्रवृत्तायां द्विदिवसीय-नाट्यशास्त्रविषयक-सङ्गोष्ठ्यां भारतस्य नानाकोणेभ्यो राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानपरिसरेभ्यः विद्वांसस्समायाता इतीयं राष्ट्रियसङ्गोष्ठीति निश्चप्रचम्।

यया भागग्रहीतारः उपकृता स्युरिति मत्याऽऽस्माभिरियं समायोजिता। न केवलमेतेऽपि तु श्रोतारः व्युत्पित्सवः छात्रा अपि नवीकृताऽवर्तन्त। अत्रैतस्याः सङ्गोष्ठ्याः समायोजनेऽनुज्ञां कृतवते राष्ट्रिय-संस्थानकुलपतये आचार्याय परमेश्वरनारायणशास्त्रिणे तथौचित्येन समायोजनं विधातुं कृतभूरिपरिश्रमाय प्राचार्याचार्याय एम्. चन्द्रशेखराय परिसरीयाचार्येभ्यः कर्मचारिभ्यः छात्रेभ्यः च हार्दकृतज्ञतां विधाय सङ्गोष्ठीगव्यमिदं विदुषां समक्षं समर्पयामि।

इत्थम्-

विद्वद्जनविधेयः-

प्रो. राजन्. ई. एम्.

(साहित्यविभागाध्यक्षः)

विद्याविहारः

दि. 05-01-2016

लेखानुक्रमणिका

सं.	शोधपत्रनाम	लेखकनाम	पृष्ठानि
1.	नाट्यशास्त्रीयरसस्वरूपविमर्शः	प्रो. विद्यानन्दझाः	1-9
2.	नाट्यशास्त्रे धर्मिविचार:	आचार्य: केशवन्. के. पि.	10-12
3.	उत्तररामचरिते नाट्यतत्त्वानि	प्रो. सुर्यमणिरथः	13-20
4.	धर्मद्वयानुशीलनम्	आचार्या इन्दिरा पि.	21-25
5.	नाट्यशास्त्रप्रोक्तस्यातोद्यविधेः समीक्षणम्	डा. नारायणन्. ई. आर्.	26-29
6.	त्रिभाषासूत्रस्वरूपम्	गुलाम दस्तगीर विराजदार	30-32
7.	संस्कृतरूपकेषु आस्वादोपयोगितया वाचिकाभिनयस्य निर्वाहः	डा. राघवेन्द्रभट्टः	32-35
8.	नाट्यशास्त्रे प्रवृत्तिविवेचनम्	डा. रत्नमोहनझाः	36-41
9.	भरतमुनिप्रोक्तं वृत्तिस्वरूपम्	डॉ. सनन्दनकुमारत्रिपाठी	42-48
10.	साम्प्रतिकाभिनेयकाव्ये निषिद्धदृश्यं तत्प्रभावश्च	डा. स्वर्गकुमारमिश्र:	49-53
11.	नाट्यशास्त्रानुसारं सप्रभेदमाहार्या-भिनयस्यानुशीलनम्	डा. राकेशकुमारजैनः	53-61
12.	नाट्यशास्त्रानुसारं यक्षगाने आहार्या-भिनयस्यानुशीलनम्	डा.एम्.सुदर्शनचिपळूणकरः	61-63
13.	नाट्यशास्त्रोक्ततत्त्वेषु एकोनपञ्चाशद्भावानाम् अनुशीलनम्	योगेन्द्रकुमारः	64-70
14.	नाट्यशास्त्रानुसारम् अमरुशतकस्थ-नायिकाभेदसमीक्षणम्	अश्विनीकदम	70-74
15.	नाट्यशास्त्रोक्त 'भाव'	हितेश त्रिवेदी	74-78
16.	नाट्यशास्त्रदिशा शान्तरसनिरूपणम्	सत्यनारायणः	79-80
17.	मुन्नाभाई एम.बी.बी.एस.एस. में नाट्यसंधियों का निर्वहण	राजेश कुमार मिश्र	81-84
18.	नाट्यशास्त्रीय तत्वों के आलोक में "शोले" चलचित्र की समीक्षा	ब्रिजेश कुमार मिश्र	84-88
19.	नाट्यशास्त्रोक्तरससूत्रव्याख्यानम्	श्री जीतेन्द्र कुमार गुप्ता	88-89
20.	भरतकृतं रससूत्रं तत्समीक्षणञ्च	स्मिताकुमारी सामन्तराय	90-91
21.	नाट्यशास्त्रदिशा शृङ्गाररसनिरूपणम्	रविकुमार:	91-92
22.	आचार्य तुलसी प्रणीत संस्कृत साहित्य-काव्यशास्त्रीय समीक्षा रस के संदर्भ में	डा. प्रकाश वर्मा सोनी	93-100

नाट्यशास्त्रीयरसस्वरूपविमर्शः

प्रो. विद्यानन्द झाः
प्राचार्य, राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान,
भोपाल परिसर, भोपाल

रस शब्द संस्कृतवाङ्मय के अत्यन्त प्राचीन शब्दों में से अन्यतम है जिसका प्रयोग वेदों में हुआ है तथा साहित्य के विकास के साथ इसके अर्थ में भी परिवर्तन होते गये हैं। चुरादिगण की आस्वादनार्थक रस् धातु से घ प्रत्यय करने पर 'रस' शब्द बना है। 'रस्यते आस्वाद्यते' इस निरुक्ति से जिसका आस्वादन किया जाय, वह रस है। रसतीति रसः अर्थात् जो आस्वाद प्रदान करे यह भी निरुक्ति स्वीकार की गयी है। इस प्रकार आस्वादन की क्रिया का विषय रस है। इस दृष्टि से स्थूल जगत् के समस्त भोग्य विषयों को पाँच श्रेणियों में रखा गया हैउनमें एक र-स है। अमरकोष में कहा हैरूपं शब्दो गन्धरसस्पर्शाश्च विषया अमी। गोचरा इन्द्रियार्थाश्च।-[1]

शब्द, स्पर्श, रूप, रस तथा गन्धये पाँच विषय आकाष-, वायु, अग्नि, जल तथा पृथ्वीइन पाँच महाभूतों से संबद्ध हैं। रस का - संबंध जल से है, अतः जल के अर्थ में रस उपचरित प्रयोग किया गया ऐसा प्रतीत होता है। काव्य में-'रस' शब्द का प्रयोग विष के अर्थ में हुआ है तथा मदनरस का मादक विष के अर्थ में। मुद्राराक्षस नाटक के लेखक ने विष के अर्थ में रस का प्रयोग किया है-
ये मन्त्रेषु रसेषु च प्रणिहितास्तैरेव ते घातिताः।[2]

वेद में रस का उत्स है, जो साहित्यिक दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है रसराज 'शृङ्गाररस ' की चर्चा कई मन्त्रों एवं मन्त्रखण्डों में हुई हैआ जाया युवते पतिं परिदाय रसं दुहे -[3] यहाँ रस प्रणयजन्य सुख का द्योतक है।
वेदों में रस का प्रयोग सोमरस, जल एवं दूध के लिए हुआ है। यद्यपि वहाँ रस का शास्त्रीय विवेचन नहीं किया गया, फिर भी विभिन्न रसों के उदाहरण भरे पड़े हैं।

अथर्ववेद में इसका अर्थ सूक्ष्म से सूक्ष्मतर होता गया और वहाँ सोमरस से उसमें शक्ति, मद एवं आह्लाद का समावेश हुआ। यह आह्लाद अन्त में जीवन का आह्लाद न होकर आत्मा के आह्लाद के रूप में परिवर्तित हो गया। इस प्रकार का विकास स्पष्टतः अथर्ववेद में दिखाई पड़ता है।

अकामो धीरो अमृतः स्वयंभू रसेन तृप्तो न कुतश्च नोनः।
तमेव विद्वान् न विभाय मृत्योरात्मानं धीरमजरं युवानम्।[4]

उपनिषद् तक आतेआते रस के अर्थविकास में सूक्ष्मता आती गई और तैत्ति-रीय उपनिषद् में इसका प्रयोग नित्य ब्रह्म के लिए हुआ है। जैसेरसो वै सः। तं लब्ध्वा आनन्दीभवति। रसो वै आनन्दः।-[5]

उपर्युक्त विवेचन से रस के विषय में दो अवधारणाएँ सामने आती हैं। एक में वह किसी भी पदार्थ का निचोड़ या सार है, जिसमें आस्वाद्यता या आनंद प्रदान करने की क्षमता है। उपनिषद् में रस को सारभूत तत्त्व माना गया हैरसः सारः चिदानन्दप्रकाशः। रसो वै सः। - रसं ह्येवायं लब्ध्वानन्दी भवति।[6] उपनिषद् युग तक रस शब्द अपने मुख्य अर्थ से ऊपर उठ कर सूक्ष्म अर्थ का द्योतक हो गया है और उसे प्राणस्वरूप स्वीकार किया गया। प्राणो वा अंगानां रसः।[7]

इस प्रकार वेदों से उपनिषदों तक रस का अर्थविकास भौतिकता से आध्यात्मिकता की ओर, स्थूल से सूक्ष्म की ओर होता गया, किन्तु काव्यशास्त्रीय अर्थ में रसशब्द का प्रयोग इन ग्रन्थों में नहीं हुआ। उपनिषदों में आनन्द की चरमसीमा की प्राप्ति के रूप में वर्णन कर ऋषियों ने परवर्ती आचार्यों का मार्ग प्रशस्त कर दिया कि यह ब्रह्मास्वादसहोदर है। पण्डितराज जगन्नाथ का विवेचन बहुत कुछ उपनिषदों में विवेचित मान्यताओं के ही आधार पर अधिष्ठित है।

इसी से जुड़कर दूसरी अवधारणा आती है, जो रस को आस्वाद रस या आनंदरूप-अपूर्व तत्त्व के रूप में देखती है। रसात्मक तत्त्व के ये दो पक्ष कहे जा सकते हैं और रस की यह द्विपक्षीय धारणा नाट्यशास्त्र और काव्यशास्त्र में भी संक्रांत हुई है।

नाट्य के क्षेत्र में रस

रसशास्त्र के प्रवर्तक आचार्य भरत ने)6.16) आठ रसों का निरूपण करने वाले अपने पूर्ववर्ती आचार्य दुहिण का उल्लेख किया है। भावों से रसनिष्पत्ति की प्रक्रिया वासुकि नाम आचार्य ने समझाई थी, इसका उल्लेख शारदातनय ने किया है-
नानाद्रव्यौषधैः पाकैर्व्यञ्जनं भाव्यते यथा।

एते भावा भावयन्ति रसानभिनयैः सह।

इति वासुकिनाप्युक्तो भावेभ्यो रससंभवः॥[8]

रसोत्पत्ति के विषय में उन्होंने वासुकि के साथ नारद का भी स्मरण किया है-

उत्पत्तिस्तु रसानां या पुरा वासुकिनोदिता।
नारदस्य मते सैषा प्रकारान्तरकल्पिता॥[9]

विभिन्न ग्रन्थों मे भरत के पूर्ववर्ती आचार्यों का उल्लेख प्राप्त होता है। जिनमें वासुकि, सदाशिव, अगस्त्य, व्यास, नन्दिकेश्वर, वृद्ध भरत, आंजनेय आदि मुख्य हैं। जनश्रुति के आधार पर नन्दिकेश्वर रस के तथा भरत नाट्यशास्त्र के आचार्य माने गए हैं। राजशेखर ने अपनी काव्यमीमांसा में काव्यपुरुष के जन्म की कहानी दी है, जिसमें कहा गया है कि काव्यपुरुष ने काव्यशास्त्र के अठारह अधिकरणों को लिखने के लिए अपने अठारह शिष्यों को नियुक्त किया था, उनमें नन्दिकेश्वर ने रस एवं भरत ने नाट्यशास्त्र का प्रणयन किया।

रूपकनिरूपणीयं भरतः, रसाधिकारिकं नन्दिकेश्वरः।[10]

भरत ने नाट्यशास्त्र के छठे एवं सातवें अध्याय में रस का विस्तार के साथ विवेचन किया है जो नाट्य एवं रंगमंच को दृष्टि में रख प्रस्तुत किया गया है। उक्त ग्रंथ के दोनों अध्याय 'रसविकल्प' एवं 'भावव्यंजक' के नाम से प्रसिद्ध हैं। नाट्यशास्त्र में रस का विवेचन अत्यन्त ही व्यापक एवं व्यवस्थित है, जिसे देख कर उससे पूर्ववर्ती सिद्धान्तों की प्रौढ़ता का भी ज्ञान होता है कि नाट्यशास्त्र कोई आकस्मिक कृति नहीं है। इन्होंने आठ ही रस माने हैं तथा प्रत्येक रस के विभाव, अनुभाव, संचारीभाव एवं स्थायीभावों तथा सात्त्विक भावों का भी परिचय दिया है। इन्होंने रसों के भेद, वर्ण तथा देवताओं का भी उल्लेख किया है।

शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः। बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।[11]

नाट्यशास्त्र में मुख्य चार ही रस माने गये है शृङ्गार, रौद्र वीर एवं बीभत्स। इन्हीं चार रसों से अन्य चार रसों की उत्पत्ति हुई। जैसे शृङ्गार से हास्य, रौद्र से करुण, वीर से अद्भुत एवं बीभत्स से भयानक की।

शृङ्गाराद्धि भवेद्धास्यो रौद्राच्च करुणो रसः। वीराच्चैवाद्भुतोत्पत्तिर्बीभत्साच्च भयानकः॥[12]

इन्होंने रसों के रंगों का वर्णन करते हुए कहा है कि शृङ्गार का श्याम, हास्य का श्वेत, करुण का कपोत वर्ण, रौद्र का रक्त, वीर का गौर, भयानक का काला, बीभत्स का नीला एवं अद्भुत का पीत वर्ण होता है।[13] इसी प्रकार शृङ्गार के देवता विष्णु, हास्य के प्रमथ, रौद्र के रुद्र, करुण के यम, बीभत्स के महाकाल, भयानक के काल, वीर के महेन्द्र एवं अद्भुत के देवता ब्रह्मा हैं।

इन्होंने भावों की संख्या 46 बताई है स्थायीभाव -8, व्यभिचारिभाव 33 एवं सात्त्विकभाव 8। इस प्रकार भरत के अनुसार विभाव, अनुभाव एवं व्यभिचारिभाव के संयोग से रस की निष्पति होती है अर्थात् स्थायीभाव अन्य 41 भावों के साथ मिलकर रसत्व को प्राप्त होता हैभिचारिसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः।विभावानुभावव्य-[14]

भरत ने कवि के आंतरिक भावों या मानसिक आवेगों को भाव की संज्ञा दी है। उन्होंने भाव की व्युत्पत्ति देते हुए कहा हैवाचिक-, आंगिक एवं सात्त्विक अभिनयों के द्वारा सामाजिक के हृदय में काव्यार्थ का भावन कराने वाले या आस्वादयोग्य बनाने वाले को भाव कहते हैं।

भावयन्तीति भावाः। उच्यते वागङ्गसत्त्वोपैतान्काव्यार्थान्भावयन्तीति भावाः[15] इति।

इन्होंने सात्त्विकभावों को भी भाव की संज्ञा दी है जबकि परवर्ती आचार्यों ने इन्हें अनुभाव के अन्तर्गत रखा है। ये मानसिक आवेगों को ही भाव कहते हैं। जैसे-

वागङ्गमुखरागैष्च, सत्त्वेनाभिनयेन च। कवेरन्तर्गतं भावं भावयन् भाव उच्यते॥
विभावेनाहतो योऽर्थस्त्वनुमानेन गम्यते। वागङ्गसत्त्वाभिनयैः स भाव इति संज्ञितः॥[16]

विभाव को इन्होंने रस का कारण माना है। इसलिए विभाव को कारण, निमित्त एवं हेतु का पर्याय कहा है। नाटक में वाचिक, आंगिक एवं सात्त्विक अभिनय का विशेषरूप से ज्ञान कराने वाले तत्त्व को विभाव कहते हैं। जैसा कि कहा गया है -

विभावः कारणं निमित्तं हेतुरिति पर्यायाः। विभाव्यन्तेऽनेन वागङ्गसत्त्वाभिनया इत्यतो विभावः।[17]

रस के स्वरूप पर विचार करते हुए भरत ने कहा है कि जिसका आस्वादन किया जाय वह रस है। जिस प्रकार विभिन्न प्रकार के व्यंजनों से संस्कृत अन्न को खाने वाले व्यक्ति अन्न के रस का आस्वादन करते हैं उसी प्रकार नाना प्रकार के भावों एवं अभिनयों के द्वारा किये गये वाचिक, आंगिक तथा सात्त्विक अभिनयों से युक्त स्थायीभावों का सामाजिक आनन्द प्राप्त करते हैं। इन्होंने रस के स्वरूप को स्पष्ट करने के लिए पाकरस का दृष्टान्त उपस्थित किया है।-

रस इति कः पदार्थः? उच्चते आस्वाद्यत्वात्। कथम् आस्वाद्याते रसः? यथाहि नानाव्यंजनसंस्कृतमन्नं भुंजाना रसानास्वादयन्ति हर्षादींष्वाधिगच्छन्तीति सुमनसः पुरुषा इत्यभिव्याख्याताः। तथा नानाभावाभिनयव्यंजितान् वागङ्गसत्त्वोपेतान् स्थायिभावानास्वाद्यन्ति हर्षादींश्चाधिगच्छन्तीति प्रेक्षकाः 'सुमनस' इत्यभिव्याख्याताः।[18]

भरत के नाटयषास्त्र के बाद भामह के 'काव्यालंकार का महत्त्वपूर्ण स्थान है। रससिद्वान्त के प्रति भामह का दृष्टिकोण एक विरोधी विचार के जैसा है । ये रससिद्वान्त के पोषक न होकर उसके विरोधी हैं। इनके अनुसार उत्तम काव्य के लिए अलंकार एक आवश्यक तत्त्व है। उन्होंने काव्य में रस को गौण स्थान दिया है।

इन्होंने रस की सीमा को संकीर्ण कर उसे कतिपय अलंकारों में अन्तर्भूत कर दिया है। ऐसे अलंकारों में प्रेयस्, रसवत् एवं ऊर्जस्वी हैं।

रसवद्दर्शितस्पष्टशृङ्गारादिरसं यथा। देवी समागमद्धर्ममस्करिण्यतितोहिता॥[19]

अर्थात् रसवत् अलंकार वहाँ होता है जहाँ शृङ्गारादि रस स्पष्ट रूप से दिखाये गये हों।

फिर भी विवेचन में भामह ने रस के महत्त्व को स्वीकार किया है। महाकाव्य के लिए वे समस्त रसों के विधान की अनिवार्यता सिद्व करते हैं। जिस प्रकार महाकाव्य के लिए सर्गबद्धता, शब्द एवं अर्थ सौष्ठव, पंचसंधियों का गठन तथा अलंकारों का सुन्दर प्रयोग आवश्यक है, उसी प्रकार सकल रसों का समावेश भी अनिवार्य है।

युक्तं लोकस्वभावेन रसैष्च सकलैः पृथक्।[20]

इतना होने पर भी भामह का दृष्टिकोण रसवादी नहीं कहा जा सकता। वे भरतविरोधी आचार्य हैं तथा विभाव को ही रस मानते हैं। -

भामह के बाद दूसरे प्रधान आचार्य है दण्डी जो भामह की भाँति अलंकार को ही काव्य का मुख्य तत्त्व मानते हैं। वैसे वे गुण का ही अधिक समर्थन करते हैं। रस के प्रति इनकी दृष्टि भामह से साम्य रखती है अर्थात् ये भी रसों को अलंकारो में समाहित कर देते हैं फिर भी ये कविता में रसों के महत्त्व को स्वीकार करते हैं।

गुणों को काव्य की आत्मा मानते हुए भी कवि होने के नाते वे रसों के महत्त्व को समझ कर उन्हें गुणों के समान ही काव्य का आवश्यक अंग मानते दिखाई पड़ते हैं।

प्रेयः प्रियतराख्यानं रसवद्रसपेशलम्। ऊर्जस्विरूढाहङ्कारयुक्तोत्कर्षं च तत्त्रयम्॥

उन्होंने बताया है कि रसवत् रचना में माधुर्य गुण का समावेश रहता है। इन्होनें प्रकारान्तर से रस एवं गुणों के पारस्परिक सम्बंध को भी स्वीकार किया है।

मधुर गुण का सम्बन्ध रस से बताते हुए दण्डी ने कहा है कि रसवत् वाक्य ही मधुर होता है अतएव रस एवं माधुर्य एक ही पदार्थ है। जिस शब्दार्थजन्य आह्लादकता से सहृदयगण मत्त हो जायें उसे रस कहते हैं। इस प्रकार दण्डी माधुर्य को रस का स्थान देते हुए दिखाई पड़ते है।

मधुरं रसवद्वाचि वस्तुन्यपि रसस्थितिः। येन माद्यन्ति धीमन्तो मधुनेव मधुव्रताः॥[21]

दण्डी के अनुसार "प्रत्येक अलंकार अर्थ में रस सिंचन" की क्षमता रखता है।

कामं सर्वोऽप्यलंकारो रसमर्थे निषिञ्चति॥[22]

विभाव, अनुभाव एवं संचारी से पुष्ट स्थायी को ही रस मानकर दण्डी ने उदाहरण प्रस्तुत किये हैं।

"इत्यारुह्य परां कोटिं क्रोधो रौद्रात्मतां गतः।" "इत्युत्साहः प्रकृष्टात्मा तिष्ठन् वीररसात्मना॥"[23]

दण्डी के विवेचन पर भरत एवं भामह दोनों का संयुक्त प्रभाव है। रस को रसवत् अलंकार के भीतर मानने के कारण यहाँ वे भामह के निकट पहुँचते हैं तो विभावादि का सम्यक् वर्णन करने के कारण भरत की परम्परा को छू लेते हैं। कुल मिलाकर दण्डी का दृष्टिकोण भामह की भाँति रस के प्रति हठधर्मिता का नहीं है। वे रस के प्रति उदार दृष्टि रखते हैं। इसका मुख्य कारण उनका रस सिद्ध कवीश्वर होना ही है।

आचार्य वामन रीति सम्प्रदाय के प्रवर्तक हैं। इन्होंने रीति को ही काव्य की आत्मा माना है। रस के प्रति वामन मत बहुत कुछ दण्डी से मिलता जुलता है। दण्डी एवं वामन दोनों ने ही अपने अपने ग्रन्थों में रस विवेचन के लिए स्थान दिया है। किन्तु दोनों के दृष्टिकोण में अन्तर है जहाँ दण्डी ने अलंकार प्रकरण के अन्तर्गत रस का विवेचन किया है, वहाँ वामन ने गुण के भीतर। वामन ने गुणों का वर्णन करते हुए रस को उसका एक आवश्यक तत्त्व बतलाया है एवं कान्ति गुण के अन्तर्गत रस का समावेश कियादीप्तरसत्वं - कान्तिः।

इन्होंने काव्य के दो धर्म माने हैं नित्य एवं अनित्य। अलंकार काव्य के अनित्य धर्म हैं एवं गुण नित्य धर्म। इस प्रकार काव्य - के अनित्य धर्म अलंकार में रस का -समावेश न कर इन्होंने काव्य के नित्य धर्म में रस के महत्त्व को स्वीकार किया है। इसका यह महत्त्व भामह एवं दण्डी को ही ध्यान में रखकर स्वीकार किया जा सकता है। भामहादि की अपेक्षा इनका दृष्टिकोण अधिक उदार है। समस्त काव्यभेदों में इन्होने नाटक को श्रेष्ठ माना है। -

सन्दर्भेषु दशरूपकं श्रेयः[24]

इस प्रकार नाटक को श्रेष्ठ बताकर प्रकारान्तर से इन्होने रस का महत्त्व स्वीकार किया है।

उद्भट अलंकारवादी आचार्य होते हुए भी रस के पृष्ठपोषक भी हैं। एक ओर तो अलंकार मत के अनुयायी दिखाई पड़ते हैं तो दूसरी ओर ये भरत के भी निकट हैं।

इन्होने भामह एवं दण्डी से अपेक्षाकृत विस्तृतरूप से रस का विवरण प्रस्तुत किया है। दोनों आचार्यो ने केवल रसवत्, प्रेयस्, एवं ऊर्जस्वी अलंकारों का ही वर्णन किया था, किन्तु उद्भट ने एक नवीन अलंकार समाहित की कल्पना की। उद्भट के अनुसार समाहित वहाँ होता है जहाँ भाव,

रसाभास, भावाभास की षान्ति का तो उल्लेख हो, किन्तु दूसरे रसों के अनुभव आदि का वर्णन न हो।

रसभावतदाभासवृत्तेः प्रषमबन्धनम्। अन्यानुभावनिश्शून्यरूपं यत्तत् समाहितम्।।[25]

रस के क्षेत्र में इन्होंने अत्यंत महत्त्व की बात कही है। षान्त रस को नाटक में स्थान देकर इन्होंने पहले पहल ये बतलाया कि षान्त रस का भी नाटक में अनुभव किया जा सकता है -

नव नाट्ये रसाः स्मृताः

उद्भट ने रसवत् आदि अलंकारो का वर्णन किया है एवं रसों के अनुभव के लिए भाव का चित्रण स्पष्टरूप से उपस्थित किया।

उद्भट ने रसों के पाँच साधनों का निर्देष किया

स्थायी ,संचारी, विभाव, अभिनय एवं स्वशब्द।

रसवद्दर्षितस्पष्टशृङ्गारादिरसोदयम्।

स्वशब्दस्थायिसंचारिविभावाभिनयास्पदम्।।[26]

इन्होंने ऊर्जस्वी अलंकार वहाँ माना है जहाँ काम, क्रोध आदि के कारण रस एवं भावों का अनुचित ढंग से वर्णन हो।

अनौचित्यप्रवृत्तानां कामक्रोधादिकारणात्।

भावानां च रसानां च बन्ध ऊर्जस्वि कथ्यते।।[27]

यहाँ रसवादी आचार्यों एवं उद्भट में यही अन्तर है कि रसवादी अंगरूप रसाभास एवं भावाभास को ऊर्जस्वी अलंकार कहते हैं तो उद्भट अंगीभूत को।

इस प्रकार के विवेचन से यह पता चलता है कि उद्भट अलंकारमत के साथ ही साथ रसवाद के भी समर्थक थे।

रुद्रट रसमत से प्रभावित होकर भी अलंकारवादी आचार्य है। इन्होंने सभी अलंकारवादी आचार्यें से रस का विस्तार के साथ विवेचन किया है। इन्होंने अपने अपने काव्यालंकारो में सबसे पहले रस का स्वन्तन्त्र रूपसे से विवेचन् प्रस्तुत किया है। इनका रस विवेचन विस्तृत एवं वैज्ञानिक है। इन्होंने (भारत के आठ)रसों की संख्या दष कर दी है तथा शान्त एवं प्रेयान् को रस के अन्तर्गत स्थान दिया है।

शृङ्गारवीरकरुणबीभत्सभयानकाद्भुता हास्याः।

रौद्रः शान्तः प्रेयानिति मन्तव्या रसाः सर्वे।।[28]

वे रस को काव्य का अनिवार्य तत्त्व मानते है।

ननु काव्येन क्रियते सरसानामवगमष्चतुर्वर्गे।

लघु मृदु च नीरसेऽभ्यस्ते हि त्रस्यन्ति शास्त्रेभ्यः।।

तस्मात्तत्कत्र्तव्यं यत्नेन महीयसा रसैर्युक्तम्।

उद्वेजनमेतेषां शास्त्रवदेवान्यथा हि स्यात्।।[29]

रस को काव्य का सर्वाधिक उपयोगी तत्त्व मानते हुए रुद्रट ने बताया है कि रस के समावेश से काव्य में मोहकता आ जाती है और पुरुष उसमें रमण करने लगते हैं।

एते रसा रसवतो रमयन्ति पुंसः सम्यग्विभज्य रचिताष्चतुरेण चारु।

यस्मादिमाननधिगम्य न सर्वरम्यं काव्यं विधातुमलमत्र तदाद्रियेता।[30]

रुद्रट का रस विवेचन उत्तरवत्र्ती आचार्यों के पथ को प्रषस्त करने वाला था। उसने वस्तुतः ध्वनिकार के रसविवेचन का मार्ग सुगम कर दिया था।

रुद्रभट्ट ने शृंगारतिलक नामक ग्रन्थ की रचना की थी। शृंगारतिलक के तीन परिच्छेदों में रस निरूपण किया है।

रुद्रट की अपेक्षा इन्होंने रसों का विस्तार के साथ वर्णन किया है, विशेष रूप से शृंगार का। नायक नायिकाभेद एवं उनके अन्य सहयोगियों तथा दूतियों का भी इन्होंने उल्लेख किया है। इन्होंने रस हीन काव्य की चन्द्रमारहित रात्रि से उपमा देकर रस की महत्ता प्रतिष्ठित की है।

यामिनीवेन्दुना मुक्ता नारीव रमणं विना।

लक्ष्मीरिव ऋते त्यागान्नो वाणी भाति नीरसा।।[31]

इन्होंने नव रसों में षान्त को भी स्थान दिया है।

भरत से रुद्रभट्ट तक रसनिरूपण क्रमशः रस की लोकप्रियता का परिचायक है। अलंकार, गुण रीतिवादी आचार्यों को भी रसमत ने आकृष्ट किया था और कालान्तर में उनका प्रभाव फीका पड़ने लग गया था और रस निरूपण काव्य में भी होने लगा।

आनन्दवर्धन ध्वनिसंप्रदाय की स्थापना के पूर्व अलंकार -, गुण एवं रीति ही काव्यालोचन के मुख्य मानदंड थे जिनके आधार पर काव्य का मूल्यांकन किया जाता था। इन्होंने प्रधान रूप से प्रकाशित होने वाले व्यंग्य अर्थ को ही ध्वनि की आत्मा माना। वह रस, भाव, रसाभास, भावशान्ति, भावोदय, भावसन्धि, भावषबलता के द्वारा अक्रम रूप से प्रतीत होकर ध्वनि की आत्मा के स्वरूप में स्थिर होता है।

रसभावतदाभासतत्प्रशान्त्यादिक्रमः। ध्वनेरात्माऽङ्गिभावेन भासमानो व्यस्थितः।।[32]

उन्होंने रस का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए अलंकार, गुण रीति आदि का रस का सहायक बताया और कवियों के यह व्यवस्था की कि उन्हें रसोत्कर्ष विद्यायक अलंकारों का ही प्रयोग करना चाहिए। ध्वनिकार ने अलंकारो का उद्देष्य रससिद्धि में गति देना ही माना है। अलंकार रस से गौण हैं। रस की सिद्धि में इनका काम गति देना ही है। जिस अलंकार की रचना रस से आक्षिप्त हो वही अलंकार मान्य है। प्रयत्नसाध्य अलंकारो का प्रयोग काव्य में हेय समक्षा जाता है।

रसाक्षिप्ततया यस्य बन्धः शक्यक्रियो भवेत्। अपृथग्यत्ननिर्वर्त्र्यः सोऽलङ्कारो ध्वनौ मतः।।[33]

इन्होंने रसदोष, रसविरोध एवं रसदोषपरिहार का अत्यन्त सुन्दर विवेचन किया है जो आचार्य मम्मट के लिए उपजीव्य बना है। आनन्दवर्धन ने श्रव्य एवं दृष्य दोनों काव्यों के लिए रस का निबन्धन आवश्यक माना है तथा भरत की भाँति दृष्य काव्य या नाटक को ही दृष्टि में रख कर रस की उपयोगिता नहीं सिद्ध की। इन्होंने बताया कि नाट्क एवं प्रबन्धकाव्य में विभिन्न रसों का अंगांगिभाव से समावेश होना चाहिए किन्तु सौन्दर्यातिषय के लिए एक ही रस का प्रधान रूप से प्रतिपादन होना आवश्यक है।

प्रसिद्धेऽपि प्रबन्धानां नानारसनिबन्धने। एको रसोऽङ्गीकत्र्तव्यस्तेषामुत्कर्षमिच्छता।।[34]

आनन्दवर्धन ने कई दृष्टियों से रस की महत्ता का समर्धन किया है। भरत ने उत्तम कविता उसे कहा है जो विभाव, अनुभाव के प्रदर्षन से आनन्दानुभूति का सृजन करे किन्तु आनन्दवर्धन के अनुसार नाटक अथवा काव्य में रस, अलंकार एवं वस्तु की व्यंजना ही काव्य का मूल है। ध्वन्यालोक में ध्वनि को काव्य की आत्मा स्वीकार करते हुए भी आनन्दवर्धन ने रसध्वनि को ही सर्वोच्च पद का अधिकारी ठहराया है। इन्होंने रसध्वनि के साथ अलंकार, रीति, वक्रोक्ति एवं औचित्य आदि काव्य के इतर तत्त्वों का समन्वय कर उसकी व्यापकता सिद्ध की है। रसध्वनि के द्वारा उपर्युक्त सभी तत्त्वों का समन्वय ही आनन्द की महती देन है।

अग्निपुराण का समय निरूपण अभी तक विवाद कर विषय रहा है। कतिपय विद्वानों के अनुसार इसकी रचना भरत से पूर्व हुई थी किन्तु इस ग्रन्थ में भामह, दण्डी एवं आनन्दवर्धन द्वारा विवेचित सिद्धान्तों की छाया देखकर इनका समय आनन्दवर्धन के बाद ही आँका गया है। इन्होंने काव्य में रस को सर्वाधिक महत्त्व देकर उसे उसका 'प्राण' स्वीकार किया हैवाग् -वैदग्ध्यप्रधानेऽपि रस एवात्र जीवितम्।[35] इनका रस वर्णन विलक्षण स्थान का अधिकारी है। इन्होंने काव्य मे शृंगार का ही प्राधान्य माना है। इनका रस विवेचन दार्षनिक भावों में से संवलित है। इन्होंने बताया है कि रस परब्रह्म परमेष्वर एवं अक्षय है।

भट्टतौत अभिनवगुप्त के गुरु थे। इन्होंने काव्यकौतुक नामक ग्रन्थ लिखा था जो रस ग्रन्थ था। इस पर अभिनवगुप्त ने टीका भी लिखी थी जो अप्राप्य है। अभिनवभारती में उल्लिखित इनका रस सम्बन्धी अन्य मत यह मिलता है कि पाठक को तभी रसानुभूति होती है जब कवि चित्रण की विचित्र कला के द्वारा विषय का प्रत्यक्षीकरण कर देता है। केवल नाटक में ही रस नहीं होता अपितु काव्य के द्वारा भी रस की प्रतीति होती है। रससमुदायो हि नाट्यम्। न नाट्य एव रसाः काव्येऽपि नाट्यमान् एव रसः। काव्यार्थविषये हि प्रत्यक्षकल्पसंवेदनोदये रसोदयः इत्युपाध्यायाः। यदाहुः काव्यकौतुके -

प्रयोगत्वमनापन्ने काव्येनास्वादसम्भवः। इति।

वर्णनोत्कलिकाभोगप्रौढोक्त्या सम्यगर्पिताः। उद्यानचन्द्राद्या भावाः प्रत्यक्षवत् स्फुटाः॥इति।-कान्ता-[36]

रससिद्ध कवि के लिए द-सिद्धान्त की दृष्टि से इन्होंने अत्यन्त महत्त्वपूर्ण बात यह कही है कि रस-र्शन एवं वर्णन दोनों ही अत्यन्त आवश्यक है। रससिद्धान्त के विकास में भट्टतौत की अन्य महत्त्वपूर्ण देन यह है कि इन्होंने भट्टनायक के रसाधारणीकरणश् के - सिद्धान्त को आगे बढ़ाया। इन्होने बताया कि रस की पूर्णता में कवि, नायक एवं सहृदय तीनों का रस एक श्रेणी का हो जाता है। रस की पूर्ण स्थिति में तीनों का ही साधारणीकरण होता है।

धनंजय और धनिक - प्रसिद्ध नाट्यशास्त्रीय ग्रन्थ दशरूपक के रचयिता धनंजय एवं उसकी अवलोक नामक टीका के लेखक धनिक रस-सिद्धान्त के प्रबल समर्थक हैं। दोनों ही ध्वनि-विरोधी है और धनिक तो ध्वनि की सत्ता भी नहीं स्वीकार करते। वे भट्टनायक का समर्थन कर, तात्पर्यशक्ति के द्वारा ही ध्वनि की अभिव्यक्ति होती है, इस मत का प्रतिपादन करते हैं। काव्य एवं रस में भाव्य-भावक सम्बन्ध को ही इन्होंने स्वीकार किया है। इन्हें काव्य एवं रस का व्यंग्य-व्यंजक भाव मान्य नहीं है।

अतो न रसादीनां काव्येन सह व्यंग्यव्यंजकभावः, किं तर्हि भाव्यभावकसम्बन्धः काव्यं हि भावकं, भाव्या रसादयः।[37]

काव्य भाव है एवं रसादि भाव्य हैं। विभावादि के साथ रस का भाव्य-भावक भाव सम्बन्ध होता है। दशरूपक के चतुर्थ अध्याय में रस का विस्तार के साथ विवेचन प्रस्तुत किया गया है। रस का स्वरूप उसके विभिन्न अंग, रस के भेद, रस की चर्वणा आदि पर इनका विवेचन अत्यन्त महनीय है। विभाव, अनुभाव, सात्त्विक एवं व्यभिचारी भावों के द्वारा जब स्थायी भाव आस्वाद्य के योग्य बनता है तो उसे रस कहते है।

विभावैरनुभावैश्च सात्त्विकैर्व्यभिचारिभिः। आनीयमानः स्वाद्यत्वं स्थायी भावो रसः स्मृतः॥[38]

रस के दार्शनिक सम्बन्ध को इन्होंने निर्भरानन्दसंविदात्मतामानीयमानो रसः कहा है। रस के सम्बन्ध में इनकी अन्य देन है काव्य एवं रस के स्थान की सीमा का स्पष्टीकरण। अर्थात् काव्य एवं नाटक में रस की इतनी प्रधानता न हो जाय कि वह कथा को ही आच्छादित कर ले जिससे कथावस्तु विच्छिन्न हो जाय और न वस्तु, अलंकार अथवा नाटकीय लक्षणों के घटाटोप में रस को तिरोहित किया जाय। इस प्रकार रस की अतिव्याप्ति एवं अव्याप्ति दोनों का विरोध कर इन्होंने उसमें व्यावहारिकता लाने का प्रयत्न किया है।

न चातिरसतो वस्तु दूरं विच्छिन्नतां नयेत्। रसं वा न तिरोदध्याद्वस्त्वलङ्कारलक्षणैः॥[39]

धनंजय के उपर्युक्त सभी विचार मौलिक न होकर शंकुक एवं भट्टनायक से ही प्रभावित है। इन्होंने शान्त रस की रसनीयता को अमान्य ठहरा दिया है। आठ स्थायी भावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने नवं भाव शम को अस्वीकृत कर दिया है। शम स्थायी की पुष्टि नाटक में नहीं होती है। यह भाव नाट्यानुकूल है ही नहीं, ऐसा धनंजय का मत है।

कुंतक प्रसिद्ध ग्रन्थ वक्रोक्तिजीवितम् के रचयिता एवं वक्रोक्तिवाद के प्रतिष्ठापक हैं। इनके अनुसार वक्रोक्ति ही काव्य की आत्मा है। इन्होंने रस का महत्त्व स्वीकार करते हुए भी वक्रोक्ति को काव्य का प्राण कह रससिद्धान्त के प्रवाह में बहुत बड़ा अवरोध - उपस्थित किया है। इनके विवेचन से रस सिद्धान्त को जबरदस्त धक्का लगा है। काव्य के लक्षण, प्रयोजन एवं वक्रोक्ति के अनेक भेदों के अन्तर्गत रस को समुचित महत्त्व देकर भी ये काव्य का सर्वस्व वक्रोक्ति को ही मानते हैं। इसलिए इनका रसविवेचन अनौपचारिक एवं आनुषंगिक है। इन्होंने प्रबन्धवक्रता में ही वक्रोक्ति का उत्कृष्ट एवं प्रौढ रूप माना है। निरन्तर रसोद्गार- करने वाले संदर्भ से पूर्ण कवि की वाणी केवल कथा के आधार पर ही जीवित नहीं रहती। इस प्रकार इन्होंने काव्य का श्रेष्ठ रूप प्रबन्ध एवं प्रबन्ध का प्राण रस को ही माना है।

निरन्तररसोद्गारगर्भसन्दर्भनिर्भराः। गिरः कवीनां जीवन्ति न कथामात्रमाश्रिताः॥[40]

कुन्तक भामहादि की भाँति वक्रोक्ति के अन्तर्गत ही रस को अन्तर्निविष्ट करते है। काव्य में रस के उन्मीलन की आवश्यकता उन्हें मान्य हैं, परन्तु इसे स्वतन्त्र स्थान न देकर अपनी वक्रोक्ति के भीतर उपादेय मानते हैं। कुन्तक के ध्वनि सिद्धान्त की तरह रस को व्यंग्य माना है वाच्य नहीं।

महिमभट्ट अनुमानवाद के पोषक एवं प्रसिद्ध ग्रन्थ श्व्यक्तिविवेकश् के प्रणेता हैं। ये श्ध्वनिविरोधीश् आचार्य हैं। इन्होंने रस - विरोधी होकर भी महिम ने रस को कविता का प्राण माना है तथा सब प्रकार-को अनुमान की प्रक्रिया से सिद्ध किया है। ध्वनिसे काव्य में रस की महत्ता सिद्ध की है। रस को काव्य की आत्मा मानने में इन्हें किसी प्रकार की आपत्ति नहीं है किन्तु इनका विरोध इस अर्थ में है कि रस व्यंग्य है। वे उसे अनुमेय मानते है। काव्यस्यात्मनि संज्ञिनि रसादिरूपे न कस्यचिद्विमतिः।[41] धारानरेश राजा भोज के सरस्वतीकण्ठाभरण एवं शृङ्गाप्रकाश नामक दो ग्रन्थ काव्यशास्त्र से सम्बन्धित है। रसरस्वतीकण्ठाभरणश् में रस का विस्तार के साथ वर्णन है। रस के भेद, अंग, नायक-नायिका, हाव आदि का इन्होंने व्यापक आधारफलक पर उपस्थापन किया है किन्तु इस ग्रन्थ में इनके विचार अधिकतर संकलनप्रधान ही हैं। इन्होंने वाङ्मय के तीन प्रकार माने हैं।

वक्रोक्तिश्च रसोक्तिश्च स्वभावोक्तिश्च वाङ्मयम्। सर्वासु ग्राहिणीं तासु रसोक्तिं प्रतिजानते।[42]

रस के सम्बन्ध में सर्वाधिक मौलिक विवेचन शृङ्गाप्रकाश में ही प्रस्तुत किया गया है। भोज का रस-विवेचन रस-सिद्धान्त के विकास में किसी भी अन्य रस की सत्ता को स्वीकार न कर मात्र शृङ्गार को ही रस की संज्ञा देता है। उनका कहना है कि शृङ्गार ही एक मात्र रस है और उसका इतना व्यापक क्षेत्र है कि उसमें अन्य सभी रसों का समावेश हो जाता है।

शृङ्गारवीरकरुणाद्भुतरौद्रहास्यवीभत्सवत्सलभयानकशान्तनाम्नः।[43]

क्षेमेन्द्र औचित्य सम्प्रदाय के पोषक हैं। इन्होंने औचित्यविचारचर्चा नामक ग्रन्थ में औचित्य-सिद्धान्त की व्यापकता पर विचार किया है। इन्होंने रस एवं औचित्य के सम्बन्ध का स्पष्ट रूप से वर्णन कर रस को काव्य की आत्मा माना है। पुनः ये औचित्य को काव्य जीवन मानते हैं। क्षेमेन्द्र रस को काव्य का प्राण एवं औचित्य को उसका जीवभूत स्वीकार करते हैं।

मम्मट का महत्त्व रस सम्बन्धी किसी नवीन सिद्धान्त के प्रतिपादन के रूप में न होकर रस के निर्भ्रान्त विवेचन में है। इनका रस सम्बन्धी मत अभिनवगुप्त का सार-संग्रह है उन्हीं के अनुरूप है। ये वस्तुतः ध्वनिप्रतिष्ठापक आचार्य हैं। इन्होंने काव्य के प्रयोजन में आनन्द तत्त्व की प्रतिष्ठा कर रसतत्त्व की ही महत्ता प्रदर्शित की है तथा रस को ही काव्य का सर्वातिशायी तत्त्व कहा है। तथा पूर्ववर्ती आचार्यों - लोल्लट, शंकुक, भट्टनायक एवं अभिनवगुप्त के निर्भ्रान्त विचारों का संकलन कर अध्येताओं के अध्ययन का मार्ग प्रशस्त किया है। काव्य-प्रकाश में इन्होंने रस का स्वरूप, संख्या, उसके विविध अंग एवं उसकी अलौकिकता पर विचार किया है जो जो पूर्ववर्ती आचार्यों के ही अनुरूप है।

रामचन्द्र गुणचन्द्र दोनों लेखकों की प्रसिद्ध कृति श्नाट्यदर्पणश् है। यह मूलतः नाट्यशास्त्र का ग्रन्थ है। इसमें नाटक की दृष्टि - से ही रस का विवेचन किया गया है। इसमें रस सम्बन्धी बहुत से नवीन तथ्यों को उपस्थित किया गया है जैसे रसों कीदुःखात्मकता का वर्णन इनकी दृष्टि में कुछ रस सुखात्मक हैं कुछ दुःखात्मक। शृङ्गार, हास्य, वीर, अद्भुत तथा शान्त रस को इन्होंने सुखात्मक एवं रौद्र, करुण, भयानक तथा बीभत्स को दुःखात्मक माना है। इन्होंने बहुत से ऐसे रसों एवं संचारियों का उल्लेख किया है तथा लौल्य, स्नेह, जैसे क्षुत, तृष्णा, मैत्री, मुदिता, श्रद्धा, दया, उपेक्षा, रति, सन्तोष, क्षमा, मार्दव, आर्जव और दाक्षिण्य आदि संचारी तथा लौल्य, स्नेह, व्यसन, दुःख एवं सुख आदि रस हैं। इन रसों के संचारी भाव क्रमशः गर्द्ध, आर्द्रता, आसक्ति, अरति तथा संतोष हैं। इन्होंने यह भी कहा है कि कुछ आचार्य इनका अन्तर्भाव नवरसों में ही कर देते हैं।

इन्होंने कवि अथवा नाटककार की समग्र चेतना को रसविधान में संलग्न होना बताया है।-

रसविधानैकचेतसः कवेः रसनिवेशैकव्यवसायिनः प्रबन्धकवयः।

इन सारे कथनों से यह प्रतीत होता है कि लेखक ने नाटक का प्रधान तत्त्व रस एवं नाटक का उद्देश्य एक मात्र रस की निष्पत्ति को माना है।

शारदातनय- इनका प्रसिद्ध ग्रन्थ भावप्रकाश है जो नाट्यशास्त्रविषयक रचना है। इसमे चारप्रतिपाद्य विषय- भाव, रस, शब्दार्थसम्बन्ध एवं रूपका इन्होंने रस के स्वरूप, भाव, रस के भेद एवं नायक-नायिकाभेद पर नाटक को दृष्टि में रखकर विचार किया है। शारदातनय ने स्थायी भाव, संचारी, अनुभाव, नायिका आदि के सम्बन्ध में बहुत से नवीन तथ्य प्रस्तुत किये है जिनका परवर्ती साहित्यशास्त्रियों ने अनुकरण किया है। इसका महत्त्व बहुत से अज्ञात रसाचार्यों- वासुकि, नारद, व्यास- के मतों का निर्देश करने के कारण भी है। इसमें

अत्यन्त महत्त्व की बात यह बतलायी गई है कि विभिन्न प्रकार के व्यक्ति विभिन्न दृष्टियों एवं रुचि के अनुसार नाटक का रसास्वादन करते हैं। तरुण व्यक्ति नायिका के रूप एवं काम की तृप्ति में, विदग्ध व्यक्ति नीति संबंधी बातों में, धनी व्यक्ति अर्थ में, विरागी मोक्ष में, वीर बीभत्स, रौद्र एवं वीरता की वार्ता में, वृद्ध धर्म संबंधी बातों में विद्वान् सात्त्विक भावों में आनन्द प्राप्त करते हैं।

तुष्यन्ति तरुणाः कामे विदग्धाः समयक्षिते। अर्थेष्वर्थपराश्चैव मोक्षेष्वर्थविरागिणः।।

विश्वनाथ - सिद्धान्त के विकास में विश्वनाथ का स्थान कई दृष्टियों से आचार्य मम्मट की अपेक्षा अधिक महत्त्व का है। इन्होंने अपने ग्रन्थ साहित्यदर्पण में रस को काव्य की आत्मा कहकर नवीन विचार का उद्योतन किया है एवं उसे काव्य का सर्वातिशायी अंग माना है। इन्होंने रस का वर्णन ध्वनि के अन्तर्गत न कर स्वतन्त्र रूप से किया है। इस प्रकार रस की स्वतन्त्र सत्ता स्वीकार कर उन्होंने उसे सर्वोच्च महत्त्व का तत्त्व माना है। साहित्यदर्पण में रससंबंधी कई बातों का सन्निवेश किया जिससे रस-सिद्धान्त को पर्याप्त गति मिली।

विश्वनाथ के रस विवेचन पर भट्टनायक एवं अभिनवगुप्त के विचारों का सम्मिलित प्रभाव है। उन्होंने रस की व्याख्या वेदान्त दर्शन के आधार पर की है। रसास्वाद का वर्णन करते हुए बताया है कि मन में तमोगुण एवं रजोगुण को दबाकर सत्त्वगुण का उद्रेक एवं प्राबल्य होने पर ही रस का साक्षात्कार या अनुभव होता है। रस का स्वरूप उपस्थित करते हुए वे उसे अखण्ड, अद्वितीय, स्वयं प्रकाशमान्, आनन्दस्वरूप एवं चमत्कारमय मानते हैं। इसके अनुभव के समय अन्य वस्तुओं का ज्ञान नहीं होता अर्थात् रसास्वाद के समय विषयान्तर के ज्ञान का अभाव होता है। यह ब्रह्मानन्द सहोदर है अर्थात् ब्रह्मास्वाद के समान आनन्ददायक है।

सत्त्वोद्रेकादखण्डस्वप्रकाशानन्दचिन्मयः। वेद्यान्तरस्पर्शशून्यो ब्रह्मास्वादसहोदरः।।[44]

साधारणीकरण के सिद्धान्त के सम्बन्ध में विश्वनाथ को अभिनवगुप्त का ही विचार मान्य है किन्तु इन्होंने उसे अभिनवगुप्त से भी अधिक महत्त्व दिया है। इन्होंने रस की उत्तम स्थिति वहाँ स्वीकार की है जहाँ आश्रय का तादाम्त्य एवं आलंबन के साथ साधरणीकरण होता है।

रूपगोस्वामी - रूपगोस्वामी भक्तिरस के उन्नायक हैं। इन्होंने एतद्विषयक दो ग्रन्थों - हरिभक्तिरसामृतसिन्धु एवं उज्ज्वलनीलमणि की रचना की है एवं इतर रसों को भक्ति रस में ही समाविष्ट किया है। इनका रस-विवेचन महाप्रभु चैतन्य के अचिन्त्यभेदाभेद नामक दार्शनिक सिद्धान्त पर आधारित है। रस-सिद्धान्त के विकास में रूपगोस्वामी का विवेचन एक नया मोड उपस्थित करता है और रसतत्त्व में आध्यात्मिकता एवं धार्मिकता का समावेश करता है। इन्होंने वैष्णव विचार के अनुसार उज्ज्वल रस माधुर्यरस का विवेचन किया जो शृङ्गाररस ही है। माधुर्यरस का विवेचन लौकिक दृष्टि से न कर भक्तिपरक भावना से किया गया है जिसे इन्होंने भक्तिरस कहा है। पाँच प्रकार की भक्ति के आधार पर पाँच प्रकार के भक्तिरस की कल्पना की गई है। वे हैं- शान्त, दास्य या प्रीति, सख्य या प्रेयस्, वात्सल्य एवं माधुर्य। मुख्य भक्तिरस पाँच हैं- मुख्यस्तु पंचधा शान्तः प्रीतिः प्रेयांश्च वत्सलः। मधुरश्चेत्यमी ज्ञेया यथापूर्वमनुत्तमाः।।

वास्तव में नाट्यशास्त्र में आठ रस ही अभिप्रेत हैं जो मम्मट के समय तक प्रयोग में चला- शृङ्गारहास्यकरुणरौद्रवीरभयानकाः। बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः।।[45]

किन्तु शान्तरस की स्थिति के विषय में न केवल आधुनिक विद्वानों में किन्तु प्राचीन विद्वानों मे भी, मतभेद पाया जाता है। इस मतभेद का मुख्य आधार भरतमुनि का यह अष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः श्लोक ही है। उसी को यहाँ काव्यप्रकाशकार ने भी रसों की संख्या का निरूपण करते हुए उद्धृत किया है। भरत के इसी वचन के आधार पर प्राचीन आचार्यों में महाकवि कालिदास, अमरसिंह, भामह और दण्डी आदि ने भी नाटक के आठ रसों का उल्लेख किया है तथा शान्तरस का प्रतिपादन नहीं किया है। इसके विपरीत उद्भट, आनन्दवर्धन तथा अभिनवगुप्त ने स्पष्टरूप से शान्त रस का प्रतिपादन किया है। वस्तुतः साहित्यदर्पणोक्त जो 33 व्यभिचारिभाव बताये है उनमें निर्वेद स्थायिभाव तथा व्यभिचारि भाव दोनों है अतः नवम रस भी स्वीकार किया गया है।

निर्वेदस्थायिभावोस्ति शान्तोऽपि नवमो रसः।[46]

सन्दर्भ सूची

1. अमरकोष 1.5.7
2. मुद्राराक्षस
3. ऋग्वेद 1.105.1
4. अथर्ववेद 10.5.45
5. तैत्तिरीय उपनिषद् 2.6.1
6. तैत्तिरीय उपनिषद् 2.7.1

7. बृहदारण्यकोपनिषद् 1,3,19
8. भावप्रकाश 2.36-37
9. भावप्रकाश अधि .2 पृ.47
10. काव्यमीमांसा अध्याय -1 पृ .4
11. नाट्यशास्त्र 6.15
12. नाट्यशास्त्र 6.39
13. नाट्यशास्त्र 6.42-45
14. नाट्यशास्त्र 6.32
15. नाट्यशास्त्र अध्याय 7 (आरंभिक पक्तियां(
16. नाट्यशास्त्र 7.2,1
17. नाट्यशास्त्र 7.3
18. हिन्दी अभिनव भारती पृ- .479, अध्याय 6
19. काव्यालङ्कार -3/6
20. काव्यालङ्कार -3/121
21. काव्यादर्श 1/51
22. काव्यादर्श 1/63
23. काव्यादर्श 2/283,285
24. काव्यालङ्कार सूत्रवृत्ति 1.2.30
25. काव्यालङ्कारसारसंग्रह 4.7
26. काव्यालङ्कारसारसंग्रह 4.3
27. काव्यालङ्काररसारसंग्रह 4.5
28. काव्यालङ्कार 12/3
29. काव्यालङ्कार 12/1-2
30. काव्यालङ्कार 15/21
31. शृङ्गारतिलक 1/6
32. ध्वन्यालोक 2/3
33. ध्वन्यालोक 2/16
34. ध्वन्यालोक 3/21
35. अग्निपुराण 337/33
36. अभिनवभारती पृ .290-291 (गायकवाड ओरिएण्टल सीरीज(
37. दशरूपक, भोलाशंकर व्यास, पृ .243
38. दशरूपक, भोलाशंकर व्यास 4.1
39. दशरूपक, भोलाशंकर व्यास 3.32
40. वक्रोक्तिजीवितम् 4.11
41. व्यक्तिविवेक पृ .105
42. सरस्वतीकण्ठाभरण 5/8
43. शृङ्गाप्रकाश भाग -2, पृ .368, डॉराघवन .
44. साहित्यदर्पण 3.2
45. काव्यप्रकाश कारिका 29
46. काव्यप्रकाश सूत्र 44

****

नाट्यशास्त्रे धर्मिविचारः

आचार्यः केशवन्. के. पि.
रा.सं. सं. गुरुवायूर् परिसरः

अनुभावविभावानां वर्णना काव्यभूच्यते।
तेषामेव प्रयोगस्तु नाट्यं गीतादिरञ्जितम्।।

उपलब्धेषु नाट्यप्रतिपादुकग्रन्थेषु भरतमुनेः नाट्यशास्त्रं प्राचीनतमं भवति। ग्रन्थेऽस्मिन् षट्त्रिंशदध्यायाः सन्ति। नाट्यरचनायाः नाट्यप्रयोगस्य नाट्यास्वादनस्य च सर्वाङ्गीणं प्रतिपादनम् अस्मिन् दृश्यते। प्रो: राधावल्लभत्रिपाठीवर्यः स्वकीये निबन्धे एतस्तर्वं स्पष्टं प्रतिपादयति। आचार्यमतेन नाट्यरचयिता कविः प्रथमः स्रष्टा भवति। नाट्यसाहित्यञ्च प्रयोगस्य आधारभूतं भवति। कविः त्रैलोक्यस्य अनूकीर्तनं करोति। "त्रैलोक्यस्यास्य सर्वस्य नाट्यं भावनुकीर्तनम"[2] इति अस्मिन्नर्थे भरतभूनिः कथयति। नटादिः नाट्यसाहित्यस्यास्य प्रयोगं करोति। प्रयोगः इति नाट्यस्य अपरं नाम भवति। प्रयोगप्रधानं हि नाट्यशास्त्म् इति मालाविकाग्निमित्रे कथितमस्ति। अभिनवभारत्याम् अभिनवगुप्तोऽपि – "कविना प्रयोगपरतन्त्रेण भाव्यम्। प्रयोगेण कविपरतनत्रेण न भाव्यम्।" प्रयोगः परिषदि प्रकटीकरणम्" इत्यादिभिः वचनैः नाट्यस्य प्रयोगप्राधान्यं द्रढयति। प्रयोगस्तु चतुर्विधाभिनयैः रङ्गशालायां भवति। प्रयोग इत्यर्थे नाट्यमनूकरणं भवति।

"लोकवृत्तानुकरणं नाट्यमेतन्मयाकृतम्।"

"सप्तद्वीपानूकरणं नाट्यमेतद् भविव्यति।" इत्यादीनि भरतवचनानि प्रयोगस्य अनुकरणप्रधानतां प्रकाशयन्ति। अवस्थानूकृतिर्नाट्यम् इति भरतवचनमपि एतमेवार्थं द्रढयति।

एष नाट्यप्रयोगः सहृदयैः दर्शकैः आस्वाद्यते। एतच्च अनुदर्शनानुभावनानुव्यवसायादिशब्दैः मुनिना भरतेन तथा अभिनवगुप्तेन च प्रकटितमस्ति। नाट्यमेव रसो भवति। "तस्मान्नाट्यरसः स्मृतः" इति कथनमप्यस्मिन्नेवार्थे भवति। एवं नाट्यशब्दस्य काव्यपक्षे प्रयोगपक्षे आस्वादपक्षे च प्रयोगः नाट्यशास्त्रे अवलोक्यते।

सर्वेषु च अर्थेषु रसस्यैव प्रधान्यं भरतेन निर्दिष्टमस्ति। रसाध्याये "नहि रसादृते कश्चिदुर्थः प्रवर्तते" इति मुनेः सूत्रं नाट्ये रसस्य प्राधान्यं प्रकाशयति। कविपक्षतः, नटपक्षतः व्याख्यातृपक्षतश्च रसस्यैव प्राधान्यं सूत्रेऽस्मिन् मुनिना प्रदर्शितमिति अभिनवगुप्तः कथयति। अस्मात् सूत्रात् पूर्वं भरतमुनिः नाट्यगतानिं तत्त्वानिं सङ्ग्रहेण प्रतिपादयति। तानि च तत्त्वानि एकादश भवन्ति। तद्यथा –

रसा भावाह्यभिनयाः धर्मीवृत्तिप्रवृत्तयः।
सिद्धिःस्वरास्तथातोद्यं गानं रङ्गश्च सङ्ग्रहः।। इति नाट्यशास्त्रे षष्ठे अहयाये।

'युक्तं हि विदूषां लोके समासव्यासभाषणम्' इति महाभारतवचनानुसारेण एतेषां सङ्ग्रहाणां विस्तरेण प्रतिपादनमेव सम्पूर्णे नाट्यशास्त्रे भरतमुनिना विहितमस्ति।

रसाः, भावाः अभिनयाः धर्म्यैं, वृत्तयः, प्रवृत्तयः सिद्धि स्वराः आतोद्यं गानं, रङ्गः चेत्येते सङ्ग्रहाः भवन्ति। संक्षिप्य गृह्यते अनेनेति सङ्ग्रहः। रसभावौ प्रधानभूतौ पदार्थौ। प्राधान्यात् तयोरूपक्रमं कृत्वा सङ्ग्रहः कथितः।

अन्येषां तावद् रससाधनोपायत्वमेव। अयञ्च क्रमः कविपक्षतः भवति। कविः रसमेव नाट्यरूपेण परिणमयति। रसाविष्टः कविः काव्यं रचयति। "यावत्पूर्णे नचैतेन तावन्नैव वमत्यमूम्" इति भट्टतौतस्य प्रसिद्धं वचनमास्ति। शोकः श्लोकत्वमागतः इति ध्वनिकारवचनमपि कवेः रसपरिपूर्णहृदयत्वं ख्यापयति। रसपरिपूर्णकुम्भोच्चलनवत् कवेः काव्यं निर्गच्छति इति अभिनवगुप्तपादा अपि वदन्ति। रसानां भावानाञ्च सम्यङ्विनिवेशनार्थमेव अभिनयादयः प्रयोजकीभवन्ति। अभिनयादयः सङ्ग्रहाः परस्परं सम्बद्धाः पूरकाश्च भवन्ति। तत्रापि अभिनयः प्रधानः। आङ्गिकवाचिकसात्विकाहार्यभेदैः अभिनयः चतुर्विधः। हस्ताभिनयः आङ्गिकाभिनयेन गृह्यते। भावानां स्फुरणं नेत्राभिनयेन जायते। सर्वे भावाः चक्षुषि स्फुरन्ति। 'इह भावाः रसाश्चैव दृष्टावेव प्रतिष्ठिताः' इत्यपि प्रसिद्धमास्ति। आङ्गिकाभिनयादापि प्रधानतरोऽस्ति वाचिकाभिनयः।

वाचि यत्नस्तु कर्तव्यो नाट्यस्यैषा तनुः स्मृता।
अङ्गनेपश्यसत्वानि वाक्यार्थव्यञ्जयन्ति हि।।

इतिभरतवचनं वाचिकाभिनयस्य प्राधान्यमेव प्रकाशयति।

अभिनयस्य इतिकर्तव्यतारूपेण विद्यमाना धर्मी सङ्ग्रहेषु अन्यतमा वर्तते। एते द्वे। लोकधर्मीनाट्यधर्म्यौ। अनयोः इतिकर्तव्यतात्वं सङ्गीतरत्नाकरे एवमुच्यते-

इतिकर्तव्यता तस्य द्विविधा परिकीर्तिता।
लोकधर्मीनाट्यधर्मीत्येते च द्विविधे पुनः।। इति।

अभिनयः लोकव्यवहारमनुसृत्य अथवा नाट्यसङ्केतमनुसृत्य भवति। लोकधर्मानुसारेण या क्रिया भवति सा लोकधर्मी इत्युच्यते। तदितरेण नाट्यमात्रप्रसिद्धेन सङ्केतेन या क्रिया भवति सा नाट्यधर्मीत्युच्यते। स्वराः गानं रङ्गश्चेत्यन्ये सङ्ग्रहाः नाट्यधर्मिप्रकारा एव भवन्ति। लोकव्यवहारे भावाभिव्यक्तये गीतीदिप्रयोगः प्रायः नोपलभ्यते।

लोके या क्रिया वा यद्वस्तु यथा अस्ति काव्येऽपि सा क्रिया तद्वस्तु वा तथैवास्ति चेत् सा लोकधर्मी इत्यूच्यते। काव्यनाट्ययोः लोकानुसारित्वं विचित्रयोगित्वं वा धर्म इत्यभिनवभारती।

नाट्यशास्त्रे त्रयोदशे अध्याये धर्मिलक्षणं विस्तरेण प्रतिपादितमस्ति। तत्राद्यायाः लोकधर्म्याः लक्षणमेवमास्ति। तद्यथा –

स्वभावभावोपगतं शुद्धं त्वविकृतं तथा
लोकवार्ताक्रियोपेतमङ्गलीलाविवर्जितम्।
स्वभावाभिनयोपेतं नानास्त्रीपूरुशाश्रयं
यदीदृशं भवेन्नाट्यं लोकधर्मी तु सा स्मृता।। इति।

यत्र नाट्ये भावः स्वभावोपगतः शुद्धः सहजः लोकवार्ताक्रियोपेतः अङ्गलीलाविवर्जितश्च तन्नाट्यं लोकधर्मी भवति। एवमेव सहजः नानास्त्रीपुरुषाश्रयश्च अभिनयः यत्र भवति तन्नाट्यमपि लोकधर्मी भवति। अभिनयस्य भावानां वा लोकानुसारित्वं लोकधर्मी उच्यते।

यत्र पुनः लोकव्यवहारव्यतिरेकी भावः अभिनयो वा भवति तन्नाट्यं नाट्यधर्मी भवति। तल्लक्षणं नाट्यशास्त्रे–

अतिवाक्यक्रियोपेतमतिसत्वातिभाषितम्
लीलाङ्गहाराभिनयं नाट्यलक्षणलक्षितम्।
स्वरालङ्कारसंयुक्तमश्वस्थपुरुषाश्रयम्
यदीदृशं भवेन्नाट्यं लोकधर्मी तु सा स्मृता।। इति।

नाट्यलक्षणलक्षितं लीलाङ्गहाराभिनयोपेतं स्वरालङ्कारादियुक्तं नाट्यं नाट्यधर्मी उच्यते। अत्र च नाट्यसङ्केता अपि गृह्यन्ते। स्वगतं, प्रकाशम्, अपवार्य आकाशभाषितमित्यादीनां नाट्यमात्रवृत्तित्वात् नाट्यधर्मित्वं भवति। गीतातोद्यप्रभृतीनां नाट्याङ्गानां समेषमपि नाट्यधर्मित्वमेवा

तदुच्यते –

आसन्नोक्तं च यद्वाक्यं न श्रृण्वन्ति परस्परम्
अनुक्तं श्रूयते वाक्ये नाट्यधर्मी तु सा स्मृता।। इति।

एवमेव यद्वस्तु लोके भवति तद्वस्तु नाट्ये रङ्गमञ्चे तथा न प्रदर्श्यते। शौलादयः मृगादयश्च रङ्गमञ्चे कृत्रिमाः प्रदर्श्यन्ते। तथाऽपि सामाजिकः तान् सहजेन गृह्णाति। कुत्राचित्च केवलमभिनयसङ्केतेन एतेषां प्रयोगः नाट्ये दृश्यते। एताः सर्वाः नाट्यधर्म्यः कथ्यन्ते।

लोके पुनः जनानां गमनादयः स्वाभाविकाः भवन्ति। परन्तु नाट्ये एते कृत्रिमाः विवक्षितरसप्रकाशकाः भवन्ति।

तदुक्तम्–

ललितैरङ्गविक्षेपैस्तथोत् क्षिप्तपदक्रमैः।
नृत्यते गम्यते यच्च नाट्यधर्मीति सा स्मृता।। इति

एतेषां नाट्यधर्मित्वं निर्विवादं भवति।

लोकस्य सुखदुःखक्रियात्मकः स्वभावः अङ्गाभिनययुक्तः नाट्यधर्मी भवति। तदुक्तं नाट्यशास्त्रे –

योऽयं स्वभावो लोकस्य सुखदुःखक्रियात्मकः।
सोऽङ्गाभिनयसंयुक्तो नाट्यधर्मी प्रकीर्तिता।। इति।

अपि च मत्तवारणी रङ्गशीर्षम् नेपथ्यगृहम् तथा रङ्गपीठञ्च नाट्यशास्त्रसङ्केतानुसारेण भवन्तीति तेषामपि नाट्यधर्मित्वं स्पृष्टम्। तदुक्तम् –

यश्च कक्षाविभागोऽयं नानाविधिसमाश्रितः।
रङ्गपीठगतः प्रोक्तो नाट्यधर्मी तु सा भवेत्।।

नाट्यसङ्ग्रहेषु रस एव प्रधानभूतः। अन्येषां सर्वेषामपि साक्षात्परम्परया वा रसपोषकत्वमेव प्रमुखो धर्मः। 'नहि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते' इत्यनैनैतत् स्पष्टं भवति। अभिनवगुप्तमतेन वीतविघ्नप्रतीतिग्राह्यः स्थाय्येव रसः। विघ्नाश्च सप्त निर्दिष्टाः। तेषु स्वगतपरगतत्वनियमेन देशकालविशेषावेश इति दितीयः विघ्नः। एतस्य विघ्नस्य परिहारः प्रायः नाट्यधर्मिपरिग्रहेण क्रियते। तथैव पञ्चमः विघ्नः अस्फुटत्वम् भवति। अयञ्च विघ्नः अभिनयचतुष्टयेन लोकधर्मिणा परिहियते। एवं धर्मिद्वयस्यापि विशिष्टं किञ्चन प्रयोजनमस्ति।

वस्तुतः धर्मिद्वये नाट्यधर्मी एव नाट्ये मुख्यभूता। यतो हि लोकव्यवहारोऽपि नाट्ये प्रयुज्यते चेदन्ततोगत्वा सा नाट्यधर्मी भवति। नाट्यमलौकिकं भवति। विभावादीनामप्यलौकिकत्वं शास्त्रसम्मतमस्ति। अत एव भरतेनाच्यते –

'नाट्यधर्मिप्रवृत्तं हि सदा नाट्यं प्रयोजयेत्'। इति।

लोके कारणादीनि यानि भवन्ति तानि काव्यनाट्ययोः विभावदयः भवन्ति। लोके स्वभावजं वस्तु काव्ये विभावादित्वं भजते। एकस्य लौकिकत्वं चेदपरस्य अलौकिकत्वं स्पष्टं भवति। एवमेव लोकधर्माणाम अकृत्रिमत्वम् अन्येषां कृत्रिमत्वं च वर्तते।

यदि लैकिकं वस्तु क्रिया वा नाट्ये प्रयुज्यते तर्हि तेषां कृत्रिमत्वं स्वतः आगच्छति। लोकधर्माः नाट्यान्तर्गताः सन्तः नाट्यधर्माः जायन्ते। यदा काव्ये लोकस्वभावं वस्तु प्रतिपाद्यते तदा तस्य अलङ्कारत्वं भवति। तेनैवासौ लोकधर्मितां विहाय नाट्यधर्मितां प्राप्नोति।

तदेवोक्तम् –

सर्वस्य सहजो भावः सर्वेऽप्यभिनयोत्थितः।
अङ्गालङ्कारचेष्टा तु नाट्यधर्मी प्रकीर्तिता।। इति।

अभिनवगुप्तोऽपि अमुमेवार्थं स्पष्टयति –

काव्ये च लोकनाट्यधर्मिस्थानीयेन स्वभावोक्तिवक्रोक्तिप्रकारद्वयेन अलौकिकप्रसन्नमधुरौजस्विशब्दसामर्थ्यसमर्प्यमाण-विभावादियोगादियमेव रसवार्ता इति।

लोकवृत्तानुकरणमेव नाट्यं भवति। परं नाट्यगतस्य लोकवृत्तस्य सहृदयमनोरञ्जकत्वं वर्तत इति विशेषः। एतदेवोच्यते अभिनवगुप्तेन –

"लौकिकधर्मव्यतिरेकेण नाट्ये न कश्चिद् धर्मोऽस्ति। तथापि यत्र स लोकगतप्रक्रियाक्रमो रञ्जनाधिक्यप्राधान्यमधिरोहयितुं कविनटव्यापारे वैचित्र्यं स्वीकुर्वन् नाट्यधर्मीत्युच्यते" इति।

नाट्ये प्रयुक्ताः सर्वा अपि क्रियाः अलौकिकाः अत एव कृत्रिमाः भवन्ति। सर्वासां च तासां विवक्षितरसाभिव्यञ्जकत्वमेव धर्मः। आधुनिकनाटकप्रयोगेषु कृत्रिमाणां नाट्यसङ्केतानां प्रयोगः भूयसा दृश्यते। वस्तुतः एष प्राचीननाट्यशास्त्रसिद्धान्तानां अनुरूप एव भवति। प्राचीनकेरलप्रदेशे कूटियाट्टं नाम्ना प्रसिद्धः नाट्यप्रयोगः इदानीमपि जिवितः अस्ति। अत्र सर्वेषां नाट्याङ्गानां प्रयोगः प्रायः सुरक्षितः वर्तते। एतस्मिन् प्रयोगे नाट्यधर्मी एव सर्वत्र दृश्यते। पाठ्यांशा अपि रागलयोच्चारिताः सन्तः कृत्रिमाः भवन्ति। अङ्गचलनेषु अपि कृत्रिमत्वं वर्तते। रसाभिव्यञ्जकत्वमेव सर्वत्र मुख्यं प्रयोजनम् भवति।

सङ्क्षेपेण इदं वक्तुं शक्यते यन्नाट्यान्तर्गता लोकधर्मी अपि वस्तुतः नाट्यधर्मी भवति इति। अत एव नाट्यधर्मी एव धर्मिद्वये प्रधानभूता वक्तुं शक्यते।

****

उत्तररामचरिते नाट्यतत्त्वानि

प्रो. सुर्यमणिरथः
साहित्यविभागप्रमुखः, राष्ट्रियसंस्कृतसंस्थानम्,(मा.वि.वि.)
श्रीसदाशिवपरिसरः, पुरी,ओडिशा।।

भवभूतिप्रणीतमुत्तररामचरितमेकं सम्पूर्णं सप्ताङ्कपरिमितं नाटकम्। रामायणस्य विषयवस्तु आधारीकृत्य नाटकमिदं रचितमस्ति। लङ्कायां रामचन्द्रः रावणं मारितवान्। ततः पुष्पकविमानेन सीतया लक्ष्मणेन च सह सः अयोध्यां प्रत्यागतः। अयोध्यां सः राजरूपेण अभिषिक्तः। ततः परं या घटना तस्य जीवने घतिता सा घटना उत्तररामचरिते नाटके भवभूतिना सफलतापूर्वकं संयोजिता। नाटकस्य तत्त्वानि अत्र नाटके पालितानि नाट्यकारेण। उत्तररामचरिते प्रयुक्तेषु नाट्यशास्त्रस्य तत्त्वेषु आहिण्ड्य मया कानिचन तत्त्वानि अस्मिन् पत्रे आलोचितानि सन्ति। नाटकस्य लक्षणं यथा -

नाटकं ख्यातवृतं स्यात् पञ्चसन्धिसमन्वितम्। विलासर्द्ध्यादिगुणवद् युक्तं नानाविभूतिभिः।।
सुखदुःखसमुद्भूतनानारसनिरन्तरम्। पञ्चादिका दशपरास्ताङ्काः परिकीर्त्तिताः।।
प्रख्यातवंशो राजर्षिधीरोदात्तः प्रतापवान्। दिव्योऽथ दिव्यादिव्यो वा गुणवान्नायको मतः।।
एक एव भवेदङ्गी शृङ्गारो वीर एव वा। अङ्कमध्ये रसाः सर्वे कार्यो निर्बहणेऽद्भुतः।।
चत्वारः पञ्च वा मुख्याः कार्यव्यापृतपूरुषाः। गोपुच्छाग्रसमग्रं तु बन्धनं तस्य कीर्तितम्।।

(सा. द. ६ परिच्छेदः)

एतल्लक्षणं साक्षादेव उत्तररामचरिते घटते। तथा हि तत्र वृत्तं प्रख्यातं श्रीरामसीतासम्बधीयमस्ति। तत्रापि मुखप्रतिमुखगर्भविमर्शोपसंहृतिमानः पञ्चसन्धयः सप्त अङ्काश्च सन्ति। रामचन्द्रः धीरोदात्तः नायकः अस्ति। अङ्गिरसः करुणः अस्ति। अन्ये रसा अङ्गरूपेण सन्ति। अत एव नाटकस्य लक्षणं सम्यकतया उत्तररामचरिते योजितमस्ति नाट्यकारेण भवभूतिना। भगवान ब्रह्मा चतुर्भ्यः वेदेभ्यः तत्त्वमानीय नाट्याख्यं पञ्चमं वेदं चकार। एतदेव नाट्यशास्त्राद् ज्ञातुं शक्यते। नाट्यशास्त्रानुसारेण -

एवं सङ्कल्प्य भगवान् सर्ववेदाननुस्मरन्। नाट्यवेदं ततश्चक्रे चतुर्वेदाङ्ग सम्भवम्।।
जग्राह पाठ्यम् ऋग्वेदात् सामभ्यो गीतमेव च। यजुर्वेदादभिनयान् रसानाथर्वणादपि।।
वेदोपवेदैः सम्बन्धो नाट्यवेदो महात्मना। एवं भगवता सृष्टो ब्रह्मणा ललितात्मकम्।।

(ना.शा. १/१६-१८)

नातकं नाम चतुर्वेदसम्भवम्, एवम्भूतस्य नाटकस्य प्रयोगे कानिचन तत्त्वानि अवश्यं पालनीयानि। नाट्यारम्भात् प्राक् नान्दी कर्त्तव्या। नाट्यशास्त्रे एतद्विषये उक्तमस्ति यत् नाट्यारम्भात् प्राक् नान्दी कर्त्तव्या। तद्यथा -

ततः परं प्रवक्ष्यामि ह्युत्थापनविधिक्रियाम्। यस्मादुत्थापनन्त्यत्र प्रयोगं नान्दीपाठकाः।।
पूर्वमेव तु रङ्गेऽस्मिन् तस्मादुत्थापनं स्मृतम्। यस्माच्च लोकपालानां परिवृत्य चतुर्दिशम्।।
वन्दनानि प्रकुर्वन्ति तस्मातु परिवर्तनम्। आशीर्वचनसंयुक्ता नित्यं यस्मात् प्रवर्तते।।
देवद्विजन्नृपादिनां तस्मान्नान्दीति संज्ञिता।(५/२३-२५)

एतन् समर्थयन् विश्वनाथः कविराजः साहित्यदर्पणे षष्ठपरिच्छेदे कथयति यत् -

आशीर्वचनसंयुक्ता स्तुतिर्यस्मात् प्रयुज्यते
देवद्विजनृपादीनां तस्मन्नान्दीति संज्ञिता।
मङ्गल्यशङ्खचन्द्राब्जकोककैरवशंसिनी
इस चलचित्र में आधिकारिक कथावस्तु ठाकुर बलदेव सिंह की है ठाकुर बलदेव सिंह रामगढ का रहने वाला पुलिस | गब्बर स | अधिकारी है जो कि रामगढ के इलाके के कुख्यात अपराधी गब्बर सिंह को गिरफ्तार कर जेल में बन्द कर देता है[illegible]ह अपने कौशल से जेल से भाग जाता है तथा बदले की भावना से गांव पर हमला कर ठाकुर के परिवार को मार देता है इतना ही नहीं अवसर पाकर वह ठाकुर के हाथ भी कटवा लेता है ऐसी स्थिति में भी ठाकुर हार नही मानता है बल्कि वो दो साहसी चोरों जय तथा | जिनके साहस का परिच ,वीरुय ठाकुर को पहले ही हो चुका है यता से अनेकों संघर्षों को पार करता हुआ ठाकुर अपने उनकी सहा , | लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है

पताका

इस कथानक में जय तथा वीरु की कथा मुख्य कथा की उपकारी है जय तथा वीरु को यद्यपि एक चोर के रूप में दर्शाया गया | है किन्तु वे नृशंसचोर नही हैं वे " जेलर से ठाकुर का यह कथन कि | उदारता आदि गुणों से परिपूर्ण है, वीरता ,उनका चरित्र चातुर्यता | |" खतरनाक हैं क्योंकि लडना जानते हैं तथा धुरे हैं मगर इन्सान हैं, बदमाश हैं पर बहादुर हैं दोनों के चरित्र के उज्जवल पक्ष को उद्घाटित करता है |दोनों का यही उज्जवल चरित्र ठाकुर को प्रभावित कर लेता है और ठाकुर दोनों को अपने साथ गांव ले आता है | इस प्रेम प्रसंग तथा गब्बर से संघर्ष करते हुए दोनों | गांव मे जय को ठाकुर की विधवा बहु से तथा वीरु को बसन्ती से प्यार हो जाता है जय की | की कथा आगे चलती है कथा पूर्णता को प्राप्त नही हो पाती है गब्बर के लोगों से संघर्ष करते हुए जय मार जाता है जिससे | चली जाती है और इस प्रकार कथा पूर्णता को प्र[illegible]ाप्त हो जाती है |

प्रकरी

अल्प समय तक चलने वाली तथा मुख्य कथा की उपकारी कथा प्रकरी कहलाती है इस चलचित्र में रहीम चाचा की कथा | | जाते हुए गब्बर के आदमियों के द्वारा मारा जाता है, रहीम चाचा का पुत्र जिसे वह उसके मामा के पास भेजते हैं | प्रकरी हैं कथावस्तु के गठन को मजबूत करने वाले तत्वों में पाञ्च संधियों का प्रमुख स्थान है संप्रति उन्हीं के अनुसार कथावस्तु की समीक्षा करते हैं |

मुख संधि

आरम्भ नामक कार्यावस्था तथा बीज नामक अर्थप्रकृति के योग से मुख संधि का निर्माण होता है ,त्पत्तिजिसमें बीजों की उ |अनेक प्रकार के प्रयोजनों और रसों की निष्पत्ति का हेतु होती हैइस कथानक में ठाकुर का गब्बर को मारने के ४| वह मुख सन्धि कहलाती है , संकल्प की पूर्ति के लिये जेलर को बुलाना तथा जय तथा वीरु की कथा के माध्यम से उत्साहित होना उत्साहित होना आरम्भ रूप पार तथाव्या बीज नामक अर्थप्रकृति है सूरमा भोपली कि कथा का प्रयोजन चलचित्र में हास्य उत्पन्न करना तथा पताका नायकों के | | चरित्र का उत्कर्ष है

प्रतिमुख संधि

प्रयत्न नामक कार्यावस्था तथा बिन्दु नामक अर्थप्रकृति के योग से प्रतिमुख सन्धि का निर्माण होता है इसमें जह |○।○ लक्ष्य तथा अलक्ष्य की भांति बीज का प्रकाशन होता है उसे प्रतिमुख सन्धि कहते हैं इस चलचित्र में ठाकुर द्वारा जय तथा वीरु की प्राप्ति लक्ष्य ५| प्रति का प्रकाशन है तथा जय और वीरु द्वारा ठाकुर के घर से पैसे चुरा कर भागने का प्रयास अलक्ष्य है इस प्रकार यहांमुख सन्धि है|

गर्भ संधि

प्राप्त्याशा नामक कार्यावस्था तथा पताका नामक अर्थप्रकृति के योग से गर्भ सन्धि का निर्माण होता है इसमें खोये हुए बीज का बार | तथा वीरु इस चल चित्र में जय | बार अन्वेषण किया जाता है बीज कभी नष्ट होता दिखता है तो कहीं प्राप्त होता द्वारा गब्बर तथा गब्बर के आदमियों को परास्त करने से लक्ष्य की प्राप्ति तथा वीरु तथा बसन्ती की पताका प्रारम्भ होने से बीज की अप्राप्ति दिखाई देती है | | जय तथा वीरु की पताका के कारण ऐसा लगता है कि गब्बर को पकडने रूप बीज कहीं खो गया है

विमर्श संधि

नियताप्ति नामक कार्यावस्था तथा प्रकरी नामक अर्थप्रकृति के योग से विमर्श सन्धि का निर्माण होता है इस चलचित्र में रहीम चाचा | जिससे क्रोधित हो कर | गांव से जाते हुए उनके बेटे को गब्बर के द्वारा मारा जाना कथा में एक नया संचार करता है | की कथा प्रकरी है जय तथा वीरु गब्बर के आदमियों को मार देते हैं तथा तुम एक मारोगे हम चार मारेंगे लिखा हुआ पत्र गब्बर तक भिजवा देते हैं जिसके | शुरु हो जाता है और फल की नियताप्ति भी :फलस्वरूप गब्बर बसन्ती को उठवा लेता है और यहीं से लक्ष्य की प्राप्ति के लिये संघर्ष पुन निश्चित हो जाती है |

निर्वहण संधि

फलागम नामक कार्यावस्था तथा कार्य नामक अर्थप्रकृति के योग से निर्वहण सन्धि का निर्माण होता है बिन्दु आदि समाहृत ,बीज | बसन्ती को बचाने के लिए जय जात | ठाकुर अपने जूतों में कीलें लगवाता है | होकर लक्ष्य के लिये संघर्षरत हो जाते हैं○। है तथा संघर्ष करते हुए मारा जाता है जय के मरने से क्रोधित वीरु गब्बर के आदमियों को मार कर गब्बर को मारता है तभी ठाकुर आकर वादे के | अन्त में वीरु | गब्बर के मरने रूप फलागम से आधिकारिक कथा पूरी हो जाती है | अनुसार वीरु से गब्बर को बचाकर स्वयं मारता है गा○व से चला जाता है और उसके साथ जाती है बसन्ती | इसी के साथ वीरु की पताका भी पूरी हो जाती है |

रस

शोले वीररस प्रधान सामाजिक कथानक है ७| नाट्याचार्यों के अनुसार नाटक में वीर अथवा शृङ्गार रस को प्रधान होना चाहिये|

नायक

नाट्यनियमों के अनुसार चार प्रकार के नायक होते हैं धीरोद्धत्त शोले चलचित्र में जय तथा वीरु ,धीरललित ,धीरोदत्त ,धीरप्रशान्त | की वीरता के कारण सामान्य रूप से उन्हे ही नायक माना गया है पर नाट्य नियमों के अनुसार चलचित्र की आधिकारिक कथा का वह ही कथा के फलं को प्राप्त | नायक ठाकुर बलदेव सिंह हैकरता है यद्यपि जय तथा वीरु वीरतापूर्वक गब्बर से युद्ध करते हैं परन्तु | गब्बर से उनका कोई निजी वैर नही है वे तो केवल ठाकुर बलदेव सिंह के आश्वासनपर की वह उन्हे मदद के बदले में धन देगा इस स्वार्थ के कारण ठाकुर के किये काम करते हैं यद्यपि बाद में जय तथा वीरु अपने धन के स्वार्थ को त्यागकर ठाकुर से भावनात्मक रूप से मिल जाते हैं परन्तु गब्बर को मारने में उनका व्यक्तिगत स्वार्थ नही है इसलिये ये तो कहा जा सकता है कि ठाकुर की कार्य सिद्धि जय तथा वीरु के अधीन है परन्तु वे नायक नही कहे जा सकते| नायक ठाकुर बलदेव सिंह है| कथा में गब्बर का मुख्य वैरी ठाकुर है| गब्बर का अत्याचार उसके गांव पर होता है जिसमें ठाकुर का परिवार मार जाता है केवल उसकी बहू बचती है | इस घटना के प्रतिशोध में ही आगे की कथा का संचालन होता है| इस घटना से ही ठाकुर के मन में प्रतिशोध के शोले पनपते हैं जो जय तथा वीरु की सहायता से गब्बर से

बदला लेने के लिये उसे प्रेरित करते हैं और अन्त में जय के वीरु के द्वारा गब्बर को मारने से रोककर ठाकुर के द्वारा गब्बर को मारा जाना, ठाकुर के नायकत्व को सिद्ध करता है| नाट्य नियमों के अनुसार इस चलचित्र का नायक ठाकुर बलदेव सिंह धीरोदात्त नायक है| हाथों के न रहने पर भी हार न मानना तथा वीरता पूर्वक युद्ध करना उसकी विशेषता है|

पताका नायक

जय तथा वीरु यद्यपि आधिकारिक कथा के नायक नही माने जा सकते तथापि उनकी भूमिका के विना कथा पूर्ण नही हो सकती है ज :वस्तुत |य तथा वीरु की कथा पताका है जो मुख्य कथा की उपकारी रूप में अपनी भूमिका निभाती है इन दोनों को भी :अत | | पताका नायक कहा जा सकता है

पताका नायक के रूप में जय धीरोदात्त नायक है तथा वीरु धीर ललित नायक है यद्यपि वीरु भी वीर है परन्तु बसन्ती के प्रेम प्रसंग में उसकी चपलता उसके ललित स्वभाव को बाताती है |

नायिका

आधिकारिक कथावस्तु की नायिका का चरित्र प्रकट नही हुआ है नायिका तीन | किन्तु पताका नायिका दो हैं बसन्ती तथा राधा | नाट्य नियमों के अनुसार बसन्ती एक परकीय | परकीया तथा साधारणा,प्रकार की होती है स्वीया○। नायिका है जो कि अपनी मौसी के अधीन है बसन्ती कन्या नायिका है तथा राधा यद्यपि | कन्या तथा पर पुरुष विवाहिता – परकीया नायिका भी दो प्रकार की होती है | विधवा नायिका है है परन्तु वह वह अपने पितृतुल्य ससुर के अधीन है इसलिये उसे परकीया नायिका ही कहा जाना चाहिए परकीया नायिका के भेदों में उसे कन्या ही माना जाना चाहिए क्योंकि वह नवयुवती तथा लज्जा आदि गुणों से युक्त है |

विष्कम्भक =इंटर्ल्यूड/फ्लैष्वाक्

विष्कम्भक तथा प्रवेशक दोनों कथा वस्तु के आधार की भांति कथा को अवलम्बन प्रदान करते हैं | इस चलचित्र में दो विष्कम्भक हैं | नियम के अनुसार विष्कम्भक प्रथम अंक में आता है इस चलचित्र में भी ठाकुर द्वारा जेलर को जय तथा वीरु की वीरता को बताना विष्कम्भक है जो कि प्रारम्भ में आया है | विष्कम्भक मध्यम पात्रों द्वारा प्रयोजित होता है जिनमें राजा से भिन्न अमात्य मन्त्री सेनापति की गणना की जाती है परन्तु इस चलचित्र में स्वयं नायक द्वारा कथित है इसको दोष नही मानना चाहिए क्योंकि समय के साथ नायक का स्तर तथा कोटि बदल गयी है , ठाकुर यद्यपि नायक है तथापि उसकी कोटि सेनापति की है राजा की नही | दूसरा विष्कम्भक जय तथा वीरु की सहायता न करने पर ठाकुर से वीरु प्रश्न करता है कि आप ने हमारी सहायता क्यों न कि इसके उत्तर में ठाकुर द्वारा अपने परिवार का नाश तथा हाथों के कटने का कथन दूसरा विष्कम्भक है जो कि मध्य में आया है|

प्रवेशक-

जय द्वारा पूछे जाने पर हरिराम काका द्वारा राधा के विवाहपूर्व स्थिति का वर्णन प्रवेशक है |

अंकास्य

किसी अंक के अन्त के कथन द्वारा अग्रिम अंक के अर्थ की सूचना देना अंकास्य कहा जाता है | इस चलचित्र के प्रारम्भ में जय तथा वीरु के चरित्र कथन के बाद जेलर द्वारा ये कहना कि ऐसे लोगों का क्या ठीकाना इसके साथ ही जय तथा वीरु के द्वारा एक बाइक चोरी कर भागने के दृश्य से अग्रिम अंक प्रारंभ हो जाता है | यद्यपि वर्तमान के चलचित्रों में नाटक के समान अंक विभाजन नही होता है तथापि सुधी दर्शक कथा में अंक विभाजन को समझ सकता है | इस प्रकार शोले चलचित्र नाट्यतत्वों का संक्षिप्त निदर्शन करने का प्रयास किया गया | इस चलचित्र में इसके अतिरिक्त संवादों की सार्थकता ,गीतों की सरसता तथा दृश्यों की सजीवता आदि अनेकों गुण विद्यमान हैं जो इस चलचित्र को सुदृढ बनाते है | यद्यपि इस चलचित्र में यथावत सभी नाट्यनियमों का प्रयोग किया गया हो ऐसा नही है परन्तु अधिकांशत: इस चलचित्र में नाट्यनियमों का प्रयोग परिलक्षित होता है जो कि इस चलचित्र की सफलता का कारण है | नाटक हो अथवा चलचित्र दोनों का उद्देश्य लोकरंजन है इसलिये लोकरंजन के लिये यथावश्यक नियमों में शैथिल्य भी श्लाघ्य है |महाकवि विल्हण के शब्दों में कवि यदि विशेष प्रौढी के आधान के उद्देश्य से पदों का प्राचीन रीति के अनुसार प्रयोग नही करता है तो यह निंदनीय न होकर वन्दनीय ही है |'

संदर्भग्रन्थ

१ .३दशरूपक) "| अथ प्रकरणे वृत्तमुत्पाद्यं लोकसंश्रयम्"३९(
२ तत्राधिकारिकं मुख्यमङ्गं प्रासंगिकं विदु.१दशरूपक) || :११ (
३ प्रकरी च प्रदेशभाक्) |दशरूपक १(१३.
५ मुख्यं बीजसमुत्पत्तिर्नानार्थरससंभव) || बीजारम्भसमन्वयात्..... :दशरूपक १(२५-२४.
६ लक्ष्यालक्ष्य तयोर्द्वेदस्तस्य प्रतिमुखं भवेत्) |दशरूपक १(३०.
७ एको रसोऽङ्गी कर्तव्यो वीर(३३.३) दशरूपक | शृङ्गार एव च :
८ प्रौढीप्रकर्षेण पुराण रीति व्यतिक्रम.१विक्रमांकदेवचरितं) पदनाम :शलाघ्यतम :१५

नाट्यशास्त्रोक्तरससूत्रव्याख्यानम्

श्री जीतेन्द्र कुमार गुप्ता
शोधच्छात्रः, साहित्यविभागः,
रा.सं.सं., क.जे.सोमय्यासंस्कृतविद्यापीठम्, मुम्बई।

रसः कथमनुभूयते? इति गूढं प्रश्नं समादधन् नाट्यशास्त्रे भरतमुनिः प्राह "विभावानुभावव्यभिचारिसंयोगाद्रस निष्पत्तिः" इति। अस्यैव सूत्रस्य व्याख्यानं भट्टलोल्लट-श्रीशंकुक-भट्टनायकाभिनवगुप्तपादैः मीमांसा-न्याय-सांख्य-शैववेदान्तदर्शनानुसारिभिः व्याख्यातृभिर्भिन्नभिन्नतया कृतम्। एवमत्र भट्टलोल्लटस्योत्पत्तिवादः-श्रीशंकुकस्यानुमितिवादः-भट्टनायकस्य भुक्तिवादः-अभिनवगुप्तस्याभिव्यक्तिवादश्च प्रथितास्सन्ति। एतेषां विचारो यथा-

१. भट्टलोल्लटस्योत्पत्तिवादः -

अभिनवगुप्तपादाचार्येण स्वकीयाभिनवभारत्यां भट्टलोल्लटस्य मतोल्लेखः कृतः। एषा रससूत्रस्योपरि प्रथमा व्याख्या वर्तते। एतेन हि "संयोगात्" इत्यस्य कार्यकारणभावसम्बन्धः इत्यर्थः तथा "निष्पत्तिः" इति पदस्योत्पत्तिः इत्यर्थः गदितः। अयं मीमांसकोऽभिवादी आसीत्। यथा एकैव बाणः कवचं निर्भिद्य शरीरे प्रविश्य प्राणानपहरति, तथैव एकैवाभिधाव्यापारः वाच्य-लक्ष्य-व्यङ्ग्यार्थानां प्रतिपादको भवति। एतन्मतं मम्मटेनोद्धृतं यथा - " सोऽयमिषोरिव दीर्घदीर्घतराऽभिधाव्यापार" इति। अस्य सारः एवं प्रकारेणास्तीति -

* स्थायिभावस्य सूत्रे उल्लेखो नास्ति, किन्तु मतेऽस्मिन् तस्य रसमूलरूपेण पृथगुल्लेखः सञ्जातः। स्थायिभावेन सह संयोगः स्वीकृतः।
* अयञ्च स्थायिभाव आलम्बन विभावेभ्यःउत्पन्नो भवति (अत एवैनमुत्पत्तिवादनाम्ना व्यवहरन्ति) एवंव्यभिचारिभावैः पुष्टीभूय अनुभव द्वारा व्यक्तीभूयानुकार्ये रसरूपेण तिष्ठति।
* नटे नायं स्थायिभावस्तिष्ठति किन्तु रूपसमानतया विद्यमानत्वेन तत्र (नटे) एतस्यारोपो क्रियते, अत एवैवमित्यादि इत्यपि कथयन्ति शिष्टाः।
* अभिनयकुशलतयाऽऽरोपितः स्थायिभावः सामाजिकेषु चमत्कारहेतुः सञ्जायते। नतस्यानुकृतिसफलतया उत्पन्नः सामाजिकमनसि चमत्कारजन्य आनन्दात्मकोरसो निष्पद्यतेश्रीशङ्कुकस्यानुमितिवादः

नैयायिकः शङ्कुकः विभावादिसाधनेषु रसरूपसाध्येषु च अनुमाप्यनुमापकभावं कल्पयति। यथा पर्वते धूमं दृष्ट्वा "पर्वतोऽयं वह्निमान्, धूमत्वात्" इत्येपरामर्श द्वारा पर्वते वह्निस्थितेरनुमितिस्तथैव नटे रामादिवदनुभादिकं दृष्ट्वा सामाजिकास्तत्र रसस्थितिमन्वन्ति। एवञ्च रसोऽनुमेयोऽनुमितिगम्यो वेति श्रीशङ्कुको मनुते। अथ चैतदतिरिक्तं चित्रतुरगन्यायस्य कल्पनां करोति। एतत्कल्पनानुसारेण नटो न वास्तविको दुष्यन्तः, किन्तु "चित्रे लिखिताश्ववत्" दुष्यन्त इति। कल्पनामेनां दशरूपकारोऽपि स्वीकरोति। सहृदये सामाजिके वा रसस्य स्थितिस्तथैव स्वीक्रियते यथा चित्रे अश्वः। श्रीशङ्कुकस्य मतसारांशो यत्-

* वास्तविकरूपेण अनुकार्यरूपान् (दुष्यन्त-शकुन्तला रामादीन्) एव विभावपदव्यपदेश्यान् वक्तुं शक्यते अस्माभिः। तदनुभावान् सञ्चारिणश्चानुभावान् सञ्चारिणः कथयिष्यते।
* नटो ह्येतानुकरोति। सामाजिकास्तु चित्रतुरगन्यायेन नतमेवानुकार्यं बुध्वा तदनुभावादिद्वारा (क्रोधे दन्तान् सम्पिष्य मुष्टिदर्शनम्, शोकावेगेन केशाकर्षणम्, वक्षःस्थलताडनम्, भूमौ पतनम् इत्यादिद्वारा) नटे स्थायिभावस्यानुमानं किर्वन्ति।

भट्टनायकस्य भुक्तिवादः

काव्यादिद्वारा रसनिष्पतौ व्यापारत्रयं स्वीक्रियते। तत्र प्रथमाभिधा, यया शब्दार्थयोः ज्ञानं भवति, द्वितीयो भावकत्वव्यापारो येनविभावादयो रत्यादिस्थायिभावश्च साधारणीकृताः सन्तः "परस्य न परस्येति ममेति न ममेति च" इत्यादिबन्धनान्मुक्ता उपभोगयोग्या जायन्ते। सीता शकुन्तला च जनकतनयाऽथवा रामकान्ता दुष्यन्तकान्ता न भूत्वा साधारणतया रमणीमात्रव्यपदेशयोग्ये भवतः। अयमाचार्यो भोगव्यापारं भोजकत्वमिति कथयति। नाटके च नोक्तव्यापारत्रयं किन्त्वाद्यद्वमेव। भोजकत्वव्यापारेण हि रजस्तमसी अभिभूय सत्त्वस्याविर्भावो भवति। चित्तवृत्तीनां शान्ततया स एवानन्दस्य कारणं भवति। मतमिदं सांख्यमतस्यानुकूलम्। एवञ्च रससूत्रस्थ "सम्योगात्" इत्यस्य "भोज्यभोजकभाव सम्बन्धात्" ; "निष्पत्ति" रित्यस्य "भुक्ति" रित्यर्थः " भट्टनायकेन गदितम्।

अथैतन्मतसारांशः -

भट्टनायकस्यमेव विशेषता यदेतेन स्वमनस्येवं चिन्तितं दुःखेन कथं सुखम्। नायिकादि विभावेषु सामाजिकानामानन्दावप्त्यर्थमभिधादिव्यापारत्रयमङ्गीकृतम्। तत्र भावकत्व व्यापारेण निजपरादिभेदं दूरीकृत्य तद्भावस्य पूर्तिभवति। एतन्मतानुसारेण काव्यनाटकादिविभावादयोऽभिधाद्वारा बोधगम्या भवन्ति। तदनन्तरं विभावादयो भावकत्वव्यापारेण निजपरबन्धनाद्विमुच्यार्थात् साधारणीकृतास्सन्तः सहृदयोपभोगयोग्या भवन्तीति।

अभिनवगुप्तस्याभिव्यक्तिवादः -

भरतसूत्रव्याख्यानविषये व्यञ्जनावादिनोऽभिनवगुप्तस्यैवान्तिमं मतम्। रसशास्त्रालङ्कारयोर्मध्ये मतमिदं दार्शनिक-मनोवैज्ञानिकाधारभित्तिहेतुना अत्यधिकं प्रसिद्धत्वमुपगतम्। अयमभिनवगुप्तः व्यञ्जनावादी शैवदार्शनिकः वेदान्ती ध्वनिवाद्यालङ्कारिक आसीत्। अस्य व्यक्तिवादस्यायं तावतसारांशो यत् -

* रसनिष्पत्तिः (रसाभिव्यक्तिः) सामाजिकेषु भवति।
* सामाजिकेषु स्थायिभावो वासना(संस्कारः) रूपेण स्थिरतया तिष्ठति।
* साधारणीकृतविभावदिद्वारा स्थायीभाव उद्बुद्धो भवति। विभावदिसंयोगादव्यक्तरूपेणाभिव्यक्तो भवति, यता जलबिन्दुपतनेन मृत्तिकायाः गन्धस्याभिव्यक्तिर्जायते तद्वत्।
* काव्यादिनां पाठो नाटकाभिनयः सहृदयानां स्थायिभावस्य जागृतिसाधनम्। पाठकदर्शकयोः स्वोद्बुद्धस्थायिभावस्य शुद्धरूपे तन्मयतया चित्तवृत्तिनामेकाग्रत्वाद् ब्रह्मानन्दसहोदराखण्डरसस्यानन्दप्राप्तिर्भवति।
* रससूत्रस्थ "संयोगात्" इत्यस्य व्यङ्ग्यव्यञ्जकभावात्" इंत्यर्थः; "निष्पत्ति"रित्यस्य "अभिव्यक्ति"रित्यर्थः।

****

भरतकृतं रससूत्रं तत्समीक्षणञ्च

स्मिताकुमारी सामन्तराय
शोधच्छात्रा
साहित्यविभागः ,,सं.सं.रा,
कमुम्बई,सोमय्यासंस्कृतविद्यापीठम्,जे.।

भरतमुनिना नाट्यशास्त्रे उक्तम्- "न हि रसादृते कश्चिदर्थः प्रवर्तते" इति । अत्र कथं रसनिष्पत्तिः इति जिज्ञासायां तेन उच्यते "विभावानुभावव्यभिचारिभावसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः" अत्र "रस्यते आस्वाद्यते इति रसः" इत्यनेन भावादयोऽपि गृह्यन्ते। अतएव रसादिः रसादयः तु रस, भाव, रसाभास, भावाभास, भावशान्ति, भावोदय, भावसन्धि, भावशबलताः तत्र रसः -

शृङ्गारहास्यकरूणरौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतसंज्ञौ चेत्यष्टौ नाट्ये रसाः स्मृताः॥

अत्र विभावकारणानि, अनुभावाः कार्याणि, व्यभिचारिणः च सहकारिणः एषां संयोगात् रसस्य निष्पत्तिः उक्तं च मम्मटेन -

कारणान्यथकार्याणि सहकारिणि यानि च
रत्यादेः स्थायिनो लोके तानि चेन्नाट्यकाव्ययोः।
विभावानुभावास्तत् कथ्यन्ते व्यभिचारिणः
व्यक्तः स तैर्विभावाद्यैः स्थायी भावो रसः स्मृतः॥

अत्र विभाव आलम्बन् उद्दीपन- रूपेणद्विधः। आलम्बन विभावःशकुन्तलादुष्यन्तादिरूपः। उद्दीपन विभावः उद्यान-चन्द्रिकादि रूपः। अनुभावः आलिङ्गन- चुम्बनादि रूपः। व्यभिचारिणः रोमाञ्च-स्वेद इत्यादयः तथा चोक्तं मुनिना - "विभावानुभावव्यभिचारिभावसंयोगाद्रसनिष्पत्तिः" इति । अत्र "संयोग" शब्दं "निष्पत्तिः" शब्दं चाश्रित्य विविधवादाः प्रादुरभवन्। प्राधान्येन निम्न चत्वारः वादाः सन्ति।

१. भट्टलोल्लटेन मीमांसादर्शनमाश्रित्य उत्पत्तिवादः।
२. श्रीशङ्कुकेन न्यायदर्शनमाश्रित्य अनुमितिवादः।
३. भट्टनायकेन सांख्यदर्शनमाश्रित्य भुक्तिवादः।
४. अभिनवगुप्तेन वेदान्तदर्शनमाश्रित्य अभिव्यक्तिवादः।

१. भट्टलोल्लटस्योत्पत्तिवादः -

तन्मतानुसारं विभावानामनुभावानां व्यभिचारिभावानां च संयोगेन रसस्योत्पत्तिर्भवति। तन् मतानुसारं संयोगात् इत्यस्य विभावैः सह उत्पाद्य उत्पादकभावसम्बन्धः स्थायिभावानां तेन रसस्योत्पत्तिरित्यर्थः। द्वितीयः अर्थः अनुभावैः सह स्थायिभावानां गन्यगमकसम्बन्धः तेन रसस्योत्पत्तिः प्रतीतिः इति। तृतीयः अर्थः व्यभिचारिभावैः सह स्थायिभावानां पोष्यपोषकभावसम्बन्धः तेन रसस्य निष्पत्तिः पुष्टिः इति। रसमुख्यावृत्ति अनुकार्य रामादौ तदनुकरणात् च अभिनेतृषु च भवति। एतत् मतं न युक्तः रसः कदापि अनुकार्ये (रामादि) नटे च न सम्भवति। नाटकादौ तेषां अभावात्। रसस्य प्रतीतिः सामाजिकेषु कथं भवतीति मुख्यविषयः तत्र अप्रधानिकृतः एव अतः मतमिदं न युक्तम्।

२. श्रीशंकुकस्यानुमितिवादः -

शम्कुकः न्यायदर्शनमाश्रित्य अनुमितिवादं प्रस्तौति। प्रतीतिः चतुर्धा - १) सम्यक प्रतीतिः २) मित्याप्रतीतिः ३)संशय प्रतीतिः ४. सादृस्य प्रतीतिः। सामाजिकाः चित्रतुरगन्यायेन रामोऽयं प्रतिपत्या सामाजिकानां वासनया रसानुभूतिः। अत्र अनुमानेन रसनुभूतिः जायते। शंकुकः भरतसूत्रे संयोगशब्दस्यार्थः गन्यगमकाभावसम्बन्धः निष्पत्तिः शब्दस्यानुमितिः इति स्वीक्रियते। एतदपि स्वीकर्तुं न शक्यते यद् एतद् मतमपि न युक्तम्। अत्र रसास्वादनत्वं सामाजिकेषु न भवति। अनुमिति द्वारा आस्वादनस्य असम्भवात्।

३. भट्टनायकस्य भुक्तिवादः -

भट्टनायको रसं न अनुमेयं मन्यते अपि तु भोज्यं मन्यते। तन्मते संयोगस्याभिप्रायः भोज्यभोजकभवः अस्ति निष्पत्तेः च तात्पर्यं भुक्तिः च वर्तते। रसानुमिति प्रक्रियायाः अवस्था त्रयं १) अभिधा, २) भावकत्वम्, ३) भोजकत्वम् च तत्र अभिधेया शब्दार्थे अवगते भावकत्व व्यापारेण विभावादिनां साधारणीकरणं भवति। ततश्च भोजकत्व व्यापारेण रसो भोज्यते आस्वाद्यते इत्यर्थः।

भट्टनायकस्य इमं सिद्धान्तम् अपि अलङ्कारिकाः न स्वीकुर्वन्ति कारण किं चेत् भावकत्व भोजकत्व व्यापारयोः कल्पना स प्रस्तौति। एतौ द्वौ व्यापारौ नानुभवसिद्धौ तथा स्थायिभावस्य भोगः स्वीक्रियते। भट्टनायकेन स स्थायिभावः रामादिगत नटादिगत अथवा सामाजिकगत इति स्पष्टरूपेण न स्वीकृतः।

४. अभिनवगुप्तस्य अभिव्यक्तिवादः -

अभिनवगुप्तेन रसस्याभिव्यक्ति व्यञ्जनावृत्या स्वीकृता। रसनिष्पतिः इत्यस्य रसाभिव्यक्तिः इत्यर्थःस्वीकुस्ते। अभिनवगुप्तः रसं व्यङ्ग्यं मनुते। रसः व्यञ्जनया सहृदयं प्रभावयति। रसास्वादः च सहृदयैव अत्र संयोगः शब्देन व्यङ्ग्यव्यञ्जक सम्बन्धो गृह्यते । स्थायिभावो व्यङ्ग्यः विभावदयः च व्यञ्जकाः। व्यञ्जनाया विभावेन व्यापारेण विभावानां स्थायिभावानां च साधारिकरणं भवति । एवं रामादि अनुकार्याणां भावाः वैशिष्टय विरहिताः सन्तः सहृदयानां हृदयस्थितान् वासनारुप भावान् उद्वोदयति वासना एषा सुप्तावस्थायां विद्यमान अभिनयादिभिः काण्यार्थे प्रकाशिते जागर्ति साधारिकरणेन सहृदयस्य वासना संवादो भवति । सुगुप्तः च स्थायिभावो आनन्दास्तादं कारयति एषा एव रसास्वादः अस्मिन्
आस्वादे एवा रससय स्थितिः रसानुभूतिःइयं सामान्यानुभूतिभिन्नत्वाद् उदातत्वत् सर्वजनविद्यत्वाद् च अलौकिक कथ्यते रसोऽय सहृदयसंवेदाः
अभिनवगुप्तस्य मतम् इदं अद्यत्वे अपि सर्व एव काव्यतत्वज्ञैः गृह्यते स्वीक्रियते प्रसस्यते च।

****

नाट्यशास्त्रदिशा शृङ्गाररसनिरूपणम्

रविकुमारः
शोधच्छात्रः
के.जे.सोमैया संस्कृतविद्यापीयम
विद्याविहारः, मुम्बई

रसशब्दश्रवणेनैव मनसि प्रश्नः जायते यत् - कोऽयं रसः ? ऋग्वेदे गदितं यत् -"दधानः कलसे रसाम्" इति तथा तैत्तिरीयोपनिषदि उक्तम् - "रसो वै सः, रस ह्येवायंलब्ध्वाऽऽनन्दीभवति" इति । मम्मटेनापि निगदितं यत् - "स्थायिभावो रसः स्मृतः" इति । काव्यशास्त्रे रसस्य महत्वविषये नाट्यशास्त्रे प्रतिपादितं यत् - "न हि रसादृते कश्चिदर्थः" प्रवर्तते इति। इत्युक्ते रसेन विना नाट्यकाव्ययोः किम् अपि प्रयोजनं नास्तीति। काव्यस्यात्मा रसः। तस्मादेव आचार्यविश्वनाथेन निगदितम् - "वाक्यं रसात्मकं काव्यमिति"
मुनिनापि उक्तम् - "यथा हि नानाव्यञ्जनसंस्कृतमन्नं भुञ्जानः रसमास्वादयन्ति सुमनसः पुरुषाःहर्षादींश्चाधिगच्छन्ति तथा नानाभावाभिनयव्यञ्जितान् वागङ्गसत्तवोपेतान् स्थायिभावान् आस्वादयन्तिसुमनसः प्रेक्षकाः पुरुषाः हर्षादींश्चाधिगच्छन्ति"। इति।
रसोऽयं नवविधः । स यथा -

शृङ्गारहास्यकरुण रौद्रवीरभयानकाः।
बीभत्साद्भुतशान्ताश्चेते नाट्ये रसाः स्मृताः॥

शृङ्गाररसः
शृंङ्गं हि मन्मथोभ्देदस्तदागमनहेतुकः ।
उत्तमप्रकृतिप्रायो रसःशृङ्गारइष्यते ।।
परोढां वर्जयित्वा तु वेश्यां चाननुरागिणीम् ।
आलम्बनं नायिकाः स्युर्दक्षीणाद्याश्च नायकाः।।
चन्द्रचन्दनरोलम्बरुताद्युद्दीपनं मतम्।
भ्रूविक्षेपकटाक्षादिरनुभावः प्रकीर्तितः।।
त्यक्त्वौग्र्यमरणालस्यजुगुप्साव्यभिचारिणः।
स्थायिभावो रतिः श्यामवर्णोयं विष्णुदैवतः।।
विप्रलम्भो सम्भोग इत्येष द्विविधो मतः (सा.द.तृतीयपरिच्छेदे)

विवेचनम् –शृङ्गमृच्छतीतिशृङ्गारः । शृङ्गं नाम कामुकयुगलयोरुत्पीडकम् ।अनेन कामोद्भवेन यः सम्भूयते सःशृङ्गार इत्युच्यते। आस्य रसस्यालम्बनविभाव उत्तमप्रकृतिको नायकः । परकीया अनुरागशून्या वेश्यानायिका अस्य आलम्बनानि न भवन्ति । तद्भिन्नाः नायिकास्तथा च दक्षिणनायका आस्योपयुक्तमालम्बनानि,चन्द्र -चन्द्रिका-चन्दनानुलेपन- भ्रमरझङ्कारादय उद्दीपनविभावा,भ्रुविक्षेप-कटाक्षादयोनुभावाः , औग्र्य-मरण-आलस्य-जुगुप्सादिव्यभिचारिभावान् विहाय अन्ये चास्य पोषकाः भवन्ति । रतिरस्य स्थायिभावः। वर्णः श्यामोदेवता च विष्णुः। सम्भोगः, विप्रलम्भश्चेति अस्य द्वौ भेदौ स्तः।

सम्भोगस्योदाहरणं यथा -
शून्यं वासगृहं विलोक्य शयनादुत्थाय किञ्चिच्छनैः
निद्राव्याजमुपागतस्य सुचिरं निर्वर्ण्य पत्युर्मुखम्।
विस्रब्धं परिचुम्ब्य जातपुलकमालोक्य गण्डस्थलिं
लज्जा नम्रमुखी प्रियेण हसता बाला चिरं चुम्बिता।।

अत्र व्याजेन सुप्तः,निदित इति मत्वा च प्रियां चुम्बितः पतिः , तथा च उक्तस्वरुपा बाला आलम्बनविभावौ। शून्यं वासगृहमुद्दीपनविभावः । चुम्बनमनुभावः। लज्जाहासौ व्यभिचारिणौ । एतैरभिव्यक्तस्सहृदयविषय रतिभावः शृङ्गारः रसरुपतां भजते। अत्र सम्भोगाख्यः श्रृङ्गारो भवति । अन्ये भेदोपभेदा अपि परिकल्पितास्सन्ति ।
विप्रलम्भो यथा
जयतितेऽधिकंजन्मनावृज, श्रयतइन्दिरांदिक्षुतावका।
स्त्वयिधृतासवस्त्वां विचिन्वते, शरदुदाशये साधुजात सत् ।।
विप्रलम्भ –

1. शृङ्गाररसस्य पन्चविधित्वम मम्मतानुसारम्।
2. तत्र पंदितराजस्य कोभिप्रायः ।
3. देवविषया रतिः कुतो न शृङ्गारः

आचार्य तुलसी प्रणीत संस्कृत साहित्य- काव्यशास्त्रीय समीक्षा रस के संदर्भ में

डा. प्रकाश वर्मा सोनी

रस

आचार्य तुलसी के संस्कृत साहित्य में काव्यशास्त्रीय समीक्षा के अन्तर्गत रस पर प्रकाश डाला गया है। आचार्य तुलसी विरचित संस्कृत कृतियों में रस का निर्देश करने से पूर्व रस के स्वरूप, भेद आदि का विवेचन अपेक्षित है, अतः उसका संक्षिप्त विवेचन प्रस्तुत करेंगे।

रस का स्वरूप

रस स्वरूप के विषय में भारतीय समीक्षाशास्त्र का मेरूदण्ड नाट्यशास्त्र प्रणेता भरतमुनि के मतानुसार रस से रहित कोई भी अर्थ प्रवर्तित नहीं होता।[1] रस को परिभाषित करते हुए कहा गया है-रस उस अलौकिक एवं चामत्कारिक आनंद विशेष का बोधक है जिसमें सहृदय के हृदय को द्रुत, मन को तन्मय, हृदय-व्यापारों को एकतान, नेत्रों को जलाप्लुत, शरीर को पुलकित और वचना रचना को गद्गद् करने की क्षमता रहती हैं। यही आनंद काव्य का लक्ष्य है और इसी की जागृति वाङ्मय के अन्य प्रकारों से विलक्षण काव्य की प्राणप्रतिष्ठा करती है।[2] आचार्य आनन्दवर्धन के अनुसार रस का स्वरूप संक्षेप में इस प्रकार है-''लौकिक कारण, कार्य, सहकारी के जो प्रतिबिम्ब आत्मरूप सामाजिक के चित्त पर आहित होते और अपना असाधारण्य खोकर सामाजिक की चित्तवृत्तियों को जगाते हैं, अतएव केवल काव्य तक सीमित विभाव, अनुभाव और संचारी नाम से पुकारे जाते हैं, उनके परस्पर में सम्मिलित रूप में हुए अनुभव से उद्बुद्ध और परिपुष्ट जो सामाजिक के हृदय की रति आदि स्थायी वृत्ति, उसी का उन विभावादि के साथ जो अनुभव, वही है रस।''[3] साहित्यदर्पणकार आचार्य विश्वनाथ ने सत्त्वोद्रेक को रस का हेतु बतलाया है और रस को अखंड, स्वप्रकाशानंद, चिन्मय, वैद्यांतरस्पर्शशून्य, ब्रह्मानंदसहोदर तथा लोकोत्तर चमत्कार को प्राण कहा है।[4] तैतिरीयोपनिषद् में 'रसो वै सः'[5] सिद्धान्त द्वारा ब्रह्म को आनंद एवं रस-स्वरूप प्रतिष्ठित किया गया है।

रस शब्द का व्युत्पत्तिलभ्य अर्थ

रस शब्द 'रस्यते आस्वाद्यते इति रस' इस व्युत्पत्ति द्वारा निष्पन्न हैं। जिसका अर्थ है आस्वाद्यमान या जिसका आस्वाद्यन किया जा सके[6]

(1) रस्यते-आस्वाद्यते इति रसः
(2) रस्यते अनेन इति रसः
(3) रसति रसयति वा रसः
(4) रसनं रसः आस्वादः[7]

प्रथम व्युत्पत्ति के अनुसार रस शब्द परमात्म रूप, रस, मधु, सोम, गन्ध, मधुर आदि अर्थ का द्योतक है। इसी प्रकार द्वितीय व्युत्पत्ति में रस शब्द, गुण, वीर्य, राग, देह आदि का वाचक है। तृतीय व्युत्पत्ति में धातु, पारद, द्रव्य, जल आदि अर्थों का बोध होता है। चतुर्थ अर्थ में शृंगारिक रसों के तात्पर्य को व्यक्त करते हैं। इस प्रकार रस मुख्यता आस्वाधन के अर्थ को सूचित करता है। अभिप्राय यह है कि जिसके द्वारा भावों का आस्वादन हो उसे रस कहते है-''आस्वाद्यत्वाद्रसः''। काव्यजगत् का प्रजापति[8]

कवि अपनी आनन्दपिपासु प्रजा सहृदय की पिपासा का शमन करने के लिए जीवन और जगत् को अपनी नवनवोन्मेष प्रज्ञा द्वारा नित नूतन रूप में अभिव्यक्त करता है और उसकी यह अभिव्यक्ति जन-मन-रंजन में समर्थ होती है। कवि की वाणी से प्रस्फुटित नूतन-नूतन उद्गार प्रमाता को आह्लादकता प्रदान करते हैं और यह आह्लादकता काव्यशास्त्रियों की दृष्टि में रस कहलाती हैं। रस वस्तुतः काव्य का प्राण हैं। जिस तरह प्राण शरीर के अन्दर रहकर स्वयं को प्रकाशित करता है, वैसे ही रस शब्दार्थ के अन्दर उपस्थित रहकर स्वयं को प्रकाशित करता है। काव्य के संदर्भ में रस काव्यास्वाद की अनुभूति का पर्याय बना हैं तो कला के संदर्भ में इसे कलास्वाद की अनुभूति का पर्याय माना गया हैं। सौन्दर्य-शास्त्र एवं मनोविज्ञान की शब्दावली में कलानुभूति को सौन्दर्यानुभूति भी कहा जाता है। अतः इस दृष्टि से काव्यानुभूति-कलानुभूति-सौन्दर्यानुभूति अर्थात् रस का व्यापक अर्थ सौन्दर्यानुभूति सिद्ध होता है।[9]

रस के घटकतत्त्व

रस के मुख्य चार अंग है-विभाव, अनुभाव, संचारीभाव एवं स्थायीभाव। इन्हें क्रमशः रस का कारणकार्य और सहकारी कारण कहा जाता है। इसकी अभिव्यक्ति विभाव, अनुभाव तथा संचारीभावों द्वारा व्यक्त स्थायीभाव से होती है।[10]

मम्मट के अनुसार आलंबन विभाव से उद्बुद्ध उद्दीपन से उद्दीप्त, व्यभिचारी भावों से परिपुष्ट तथा अनुभावों द्वारा व्यक्ति हृदय का स्थायी भाव ही रस दशा को प्राप्त होता है।[11] काव्य के पढ़ने, सुनने या अभिनय रूप में देखने पर विभावादि के संयोग से निष्पन्न होने वाली आनंदात्मक चित्तवृत्ति ही रस है। काव्य में चमत्कार ही रस का प्राण है और चमत्कार का अर्थ चित्त का विस्तार या विस्फार अर्थात् अलौकिक आनंद की प्राप्ति।[12] इनका स्वरूप इस प्रकार है- विभाव - विभाव का तात्पर्य विशेष प्रकार का भाव है। इस शास्त्र में यह हेतु निमित्त या कारण का वाचक हैं। लोक में जो पदार्थ सामाजिक के हृदय में वासना रूप से स्थित रति, उत्साह, शोक आदि भावों के उद्बोधक कारण हैं, वे काव्य-नाटकादि में वर्णित होने पर शास्त्रीय शब्दों में विभाव कहलाते हैं।

'रत्याद्युद्बोधका लोके विभावाः काव्यनाट्ययोः।[13]

विभाव सामाजिक के हृदयस्थिति रत्यादि स्थायिभावों को उद्बोधित करते हैं, उनका विभाजन करते हैं, उन्हें आस्वाद-योग्य बनाते हैं। दूसरे शब्दों में, ये रस को व्यक्त करने के कारण हैं। इस विभाग के आलम्बन एवं उद्दीपन ये दो भेद हैं।[14]

आलम्बन विभाव - आलम्बन विभाव उन्हें कहते हैं जो आलम्बन के द्वारा रस की निष्पत्ति कराते हैं अर्थात् जिसके आलम्बन से रस की निष्पत्ति होती है।[15] जैसे शृंगार रस मे नायक-नायिका[16], वीर रस में शत्रु तथा शांतरस में, तत्त्वज्ञानादि आलंबन विभाव हैं। आलंबन विभाव के दो भेद हैं-विषय और आश्रय। विषय को आलंबन भी कहते है। उद्दीपन विभाव - उद्दीपन विभाव उन्हें कहते हैं जो रस को उद्दीप्त या तीव्र करते है। इसकी सीमा में नायक-नायिका की विविध चेष्टाएं, आभूषण, वस्त्र तथा देश, काल, चन्द्र, चन्दन, उद्यान आदि आते हैं।[17]

अनुभाव - अनुभाव अर्थात् भाव के पीछे उत्पन्न होने वाला। ये विभाव के पश्चात् उत्पन्न होते हैं इसलिए इन्हें अनुभाव कहा जाता है। अनुपश्चात् भावः उत्पत्तिः यस्य सः अनुभावः अथवा अनुभावयन्ति इति अनुभावः अर्थात् जो उत्पन्न रत्यदि स्थायिभावों का अनुभव कराते हैं। भरत के अनुसार अनुभावों के द्वारा वाचिक, आंगिक तथा सात्त्विक अभिनय अनुभावित होते हैं, अतः इनकों अनुभाव कहते हैं।[18] धंनजय ने भावों के सूचक या भावों के भावन कराने वाले विकार को अनुभाव कहा है। कटाक्ष या मुजाक्षेप आदि अनुभाव हैं।[19] साहित्यदर्पणकार के अनुसार हृदय में उद्भूत् रत्यादि भावों को बाहर प्रकाशित करने वाले अंगादि व्यापार अनुभाव हैं।[20] जो कार्य माने जाते हैं, वे काव्य में अनुभाव अलौलिक संज्ञा से विभूषित होते हैं। इनके द्वारा हृदयस्थ रत्यादि भावों की अभिव्यक्ति होती है तथा उनका अनुभव होता है। ये मनोगत भावों के अभिव्यंजक बाह्य उपादान हैं। अनुभाव के चार रूप माने जाते है-आंगिक, वाचिक, आहार्य और सात्त्विक।[21]

संचारीभाव - संचारी या व्यभिचारी रस का सहकारी कारण माना जाता है। व्यभिचारी शब्द वि + अभि + चर के रूप में व्युत्पन्न है। यहां 'वि' विविधता का 'अभि' अभिमुख्य एवं 'चर्' धातु संचरण का बोधक है। संचारी शब्द का अर्थ है साथ-साथ चलना तथा संचरणशील होना। संचारीभाव स्थायिभावों के सहकारी कारण हैं, उन्हें रसावस्था तक ले चलते हैं, परन्तु स्वयं बीच में जलतरंगवत् आविर्भूत तथा तिरोभूत होते रहते हैं।[22] विविध प्रकार के रसों की ओर उन्मुख होकर संचरणशील होने के कारण इन्हें संचारीभाव कहा जाता है।[23] संचारी का संचरण वाक्, अंग तथा सत्त्वादि के द्वारा होता हैं। विविध प्रकार की रसानुभूति के समय प्रेक्षक के अभिमुख होने के कारण इसे व्यभिचारी कहा जाता हैं।[24] दशरूपककार ने समुद्र में लहरों की भांति उठते और डूबते भावों को व्यभिचारी भाव कहा है।[25] साहित्यदर्पणकार के मतानुसार जो भाव विशेष उत्कटता अथवा अनुकूलता से रत्यादि स्थायी भावों को रसास्वादन में परिणत कर उन्हें स्थायी भावों के सागर में बुदुद् की नाई उन्मज्जित या निमज्जित करते हैं, उन्हें व्यभिचारी भाव कहते है।[26] उपर्युक्त व्याख्या से स्पष्ट होता है कि विश्वनाथ ने संचारीभाव को सर्वांग सुंदर और स्पष्टरूप से व्याख्यायित करने का प्रयास किया है। संचारीभाव मनोविकार हैं, ये शरीर के धर्म नहीं है। यद्यपि मनोविकारों की कोई संख्या नियत नहीं की जा सकती, तथापि सुविधा के लिए संचारीभावों की संख्या 33 निर्धारित की गयी है-निर्वेद, ग्लानि, शंका, असूया, मद, भ्रम, आलस्य, दीनता, चिन्ता, मोह, स्मृति, धृति, व्रीड़ा, चापल्य, हर्ष, आवेग, जड़ता, गर्व, विषाद, औत्सुक्य, निद्रा, अपस्मार, स्वप्न, विबोध, अवमर्ष, अवहित्थां, उग्रता, मति, व्याधि, उन्माद, मरण, त्रास और वितर्क।[27]

स्थायिभाव - रस के मूल भाव को स्थायिभाव कहते हैं। सहृदय के अन्तः करण में जो मनोविकार रूप से सदा विद्यमान रहते हैं तथा जिन्हें अन्य कोई भी अविरुद्ध भाव दबा नहीं सकता, उन्हें स्थायिभाव कहते हैं। यही स्थायिभाव ही (रस रूप) आस्वाद का अंकुरकन्द अर्थात् मूलभूत है -

अविरुद्धा विरुद्धा वा यं तिरोधातुमक्षमाः।
आस्वादाङ्कुरकन्दोऽसौ भावः स्थायीति संयमः॥[28]

भरत ने स्थायिभावों की महनीयता को सिद्ध करते हुए कहा है-

यथा नाराणां नृपतिः शिष्याणां च यथा गुरुः। एवं हि सर्वभावानां भावः स्थायी महाविहः॥[29]

उक्त भरत की परिभाषा को परिपुष्ट करते हुए साहित्यकौमुदीकार के अनुसार स्थायिभाव सुराजा की भांति प्रतिष्ठित हैं।[30] यह अन्य भावों को उसी प्रकार आत्मीय बना लेता हैं, जिस प्रकार विभिन्न सरिताओं के मधुर जल को लवणाकर अपने में मिलाकर बना देता है।[31] सरस्वती कंठाभरणकार ने इसी भाव को संपुष्ट किया है।[32] जगन्नाथ के अनुसार आप्रबंध-स्थित रहने के कारण इसे स्थायिभाव की संज्ञा प्राप्त हुई है।33 निस्संदेह रसावस्था तक पहुंचने का श्रेय स्थायिभाव को ही प्राप्त होता है। आचार्च भरत ने इनकी संख्या आठ मानी है। परन्तु कतिपय आचार्य इनकी संख्या नौ-दश तक मानते हैं। ये इस प्रकार हैं-रति, ह्रास, शोक, उत्साह, क्रोध, विस्मय, जुगुप्सा, भय, और निर्वेदा[34]

रस भेद

आचार्य भरत अपने नाट्यशास्त्र में आठ रसों की गणना करते है।[35] महाकवि कालिदास भी विक्रमोर्वशीय में आठ रसों की ओर ही संकेत करते है।[36] ये आठ रस इस प्रकार-शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, वीभत्स और अद्भूता आचार्य उद्भट[37] ऐसे प्रथम काव्यचार्य है जो नौ रसों की कल्पना करते है। अभिनय गुप्त ने यह भी संकेत किया है कि कतिपय विद्वान तीन और रसों की कल्पना करते है स्नेह, वात्सल्य और भक्ति रसा परन्तु वे इनकी पृथक् सत्ता नहीं मानते।[38] आचार्य मम्मट भी शान्त को नवम रस के रूप में स्वीकार करते है।[39] आचार्य आनन्दवर्धन अपने ध्वन्यालोक में शान्त रस की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए लिखते हैं- 'तदेवमस्ति शान्तो रसः'।[40] वे इसका स्थायिभाव तृष्णाक्षय सुख या निर्वेद मानते है।[41] आचार्य विश्वनाथ वात्सल्य को भी रस मानते

है।[42] परन्तु इसके विपरीत आचार्य मम्मट वात्सल्य और भक्तिरस को भावध्वनि में अन्तर्भूत कर लेते हैं।[43] वस्तुतः आचार्य मम्मट की यह मान्यता युक्तिसंगत है। यतोहि सहृदयों को किसी भी चित्तवृत्ति का आस्वाद चमत्कारजनक लग सकता हैं। परन्तु यदि उनके आधार पर रस की गणना होने लगेगी तो रसों की संख्या अनन्त हो जायेगी।

शान्तरस का स्वरूप

आचार्य भरत ने शांतरस को प्रकृति रूप मानते हुए रत्यादि भावों को विकार माना हैं। विकार प्रकृति से पैदा होते हैं और फिर उसी में लीन हो जाते हैं।[44] ध्वन्यालोककार ने शांतरस को अंगी रस के रूप में स्वीकृत किया है।[45] शारदातनय के मतानुसार बाह्य पदार्थों का स्पर्श न होने पर शांतरस होता है।[46] अभिनवगुप्त के गुरु भट्टतौत शांत रस को मोक्ष फल प्रदायी होने से सभी रसों में प्रधान मानते हैं।47 संसार के प्रति अत्यन्त निर्वेद होने या तत्त्वज्ञान द्वारा वैराग्य का उत्कर्ष होने पर शांतरस की प्रतीति होती हैं।[48] तृष्णा के क्षय से जिस सुख की प्राप्ति होती हैं वह मुख्य अनिर्वचनीय है, अलौकिक है। इसी कारण कुछ आचार्यों ने शांत रस को 'रसराज' भी कहा है।[49] उपर्युक्त परिभाषाओं से स्पष्ट होता हैं कि शांत इस अव्यक्त परम आह्लाद में प्रतिष्ठा का अपर पर्याय है।

शांत रस के घटक तत्त्व

शांत रस का स्थायिभाव निर्वेद शम हैं। मम्मट ने इसके दो रूप स्वीकृत किए हैं। तत्त्व ज्ञान से विषयों में निर्वेद की उत्पत्ति होती है। वह स्थायी भाव होता है और जहां इष्टवियोग और अनिष्ट संयोग निर्वेद से उत्पन्न होता है वहां वह संचारिभाव होता है। आचार्य भरतमुनि भी दरिद्रता, अधिक्षेप, क्रोध, ताडन, इष्टजन वियोग, अनिष्टजन संयोग एवं तत्त्व ज्ञान आदि के द्वारा निर्वेद नामक संचारी की उत्पत्ति मानते है।[50] शांत रस के स्थायिभाव के विषय में आचार्यों में विप्रतिमति है। आचार्य रुद्रट, 'सम्यक् ज्ञान' अथवा तत्त्वज्ञान को[51] आनंदवर्धन 'तृष्णाक्षय सुख' को[52] आचार्य मम्मट
प्रशम को[53] धनंजय 'सम' को[54] शांतरस का स्थायिभाव स्वीकार करते हैं।
शांतरस के स्थायी के विषय में एकमत हैं। तत्त्वज्ञान से उत्पन्न निर्वेद को स्थायी मानना। जिसका खंडन करते हुए आचार्य अभिनव गुप्त ने कहा है कि सब विषयों में अग्राहिता बुद्धिरूप 'निर्वेद' वैराग्य स्वरूप है। वह तत्त्वज्ञान में उपयोगी है, क्योंकि विरक्त मनुष्य ऐसा प्रयास करता है, फलस्वरूप उसको तत्त्वज्ञान प्राप्त हो जाता है और तत्त्वज्ञान से मोक्ष होता है। न कि तत्त्वज्ञान को जानकर निर्वेद को प्राप्त होता है और निर्वेद से मोक्ष प्राप्त होता है।[55] इससे स्पष्ट होता है कि अभिनव गुप्त ने तत्त्वज्ञान को ही मोक्ष का साधन माना है और उसी को स्थायिभाव मानते हैं। इसी की पुष्टि करते हुए उन्होंने कहा है-शांत का स्थायिभाव तत्त्वज्ञान या आत्मज्ञान अन्य समस्त स्थायिभावों का आधार हैं। अर्थात् स्थाइयों का स्थायी हैं, अतः यही स्थायी भाव हैं। अन्य स्थायी यहां व्यभिचारित्व को प्राप्त हो जाते हैं।[56] शांत रस स्थायी भाव वाला एवं मोक्ष प्रवर्तक होता है। उसकी उत्पत्ति तत्त्व ज्ञान, वैराग्य एवं चित्तशुद्धि आदि विभावों के द्वारा होती है। उसका अभिनय यम, नियम, अध्यात्म, ध्यान, धारणा, उपासना सभी प्राणियों के प्रति दया आदि अनुभवों के द्वारा होतीं है। निर्वेद, स्मृति, धृति, सर्वाश्रम, शौच, स्तंभ, रोमांच आदि उसके व्यभिचारिभाव हैं। शांतरस मोक्ष
एवं आध्यात्मिक ज्ञान में प्रवृत्त करने वाला तथा तत्त्व ज्ञान के कारणों के युक्त होता है।[57]

आचार्य तुलसी के संस्कृत साहित्य में रस

आचार्य तुलसी विरचित शिक्षाषण्णवति, कर्त्तव्यषट्त्रिंशिका, पंचसूत्रम् व संघषट्त्रिंशिका में भरपूर शांत रस की उपस्थापना की गयी हैं। आद्योपांत शांत रस की प्रवहमान स्वच्छ सलिला का दिग्दर्शन होता है। उपर्युक्त संस्कृत साहित्य में शांत रस के उत्कर्ष का साक्षात् निदर्शन होता है। जैसे -

विष्वग् विषादपरिपूरितविष्टपेऽस्मिं, स्तस्यैव मौलिकमिहास्ति जनुर्जनस्य,
यस्य क्रियारचितिराचरणे भवेयु, रालम्बनं भवजले पततां जनानाम्।।58

जिस मनुष्य के कार्य, रचना और आचरण संसार-सिन्धु के अथाह जल में डूबते हुए मनुष्यों के उद्धार का कारण बनते हैं, उसी मनुष्य का जन्म इस दुःखों से परिपूर्ण संसार में मौलिक कहलाता है। आचार्य तुलसी ने शान्तरस की महत्ता का भी प्रतिपादन किया है -

इक्षुवद्विरसाः प्रान्ते, सेविताः स्युः परे रसाः।
सेवितस्तु रस शान्तः, सरसः स्यात् परे परम्।।[59]

दूसरे सारे रस अन्त में ईक्षु की तरह विरस हो जाते हैं। एक शान्त रस ही ऐसा रस हैं, जो ज्यों-ज्यों सेवन किया जाता हैं, त्यों-त्यों सरस बनता जाता है।

आलम्बनं भवजले पततां जनानाम्, स स्यात् समस्तभुवने तिलकायमानः।
यस्य स्वयं विकृतयः प्रलयं प्रयाता, यत्सूक्तयः प्रकृतपापविमुक्तये स्युः।।[60]

जो स्वयं विकारों को नष्ट कर चुका हो, जिसके एक-एक वचन पूर्वकृत पापों से मुक्ति दिलाने वाले हों वही संसार का सर्वश्रेष्ठ मनुष्य, संसार-समुद्र में डूबते हुए मनुष्यों के उद्धार का कारण बन सकता हैं। संसार की नश्वरता ने आलम्बन विभाव एवं विकार, पाप आदि ने उद्दीपन विभाव का कार्य किया है। त्याग, तप, चिन्तन आदि अनुभाव है। निर्वेद स्थायी भाव उद्बुद्ध होकर शान्त रस को उपस्थित कर रहा है।

येषां स्वभावरमणप्रकृताशयानां, पञ्चेन्द्रिय-प्रबल-भोग-परम्पराभिः।
नीतं मनागपि मनो न विकारमार्गं, ते धार्मिका ध्वनिधुरीणपदं लभन्ते।।[61]

स्वभावतः सुन्दर और सरल आशय वाले जिन मनुष्यों का मन पांचों इन्द्रियों की प्रबल भोग-सामग्रियों से किंचत् भी विकार-ग्रस्त नहीं होता, वे ही धर्म के मार्ग में प्रमुखता पा सकते हैं। यहां पर निर्वेद रूप इन्द्रिय संयम एवं वैराग्य रूप आलंबन, उद्दीपन विभाव के द्वारा बीज रूप में प्राप्त तथा उद्दीप्त होकर ध्यानादि अनुभावों से धर्म के मार्ग को पाना के द्वारा पोषित रोमांचादि सात्विकों से परिबृंहित होकर शांत रस के रूप में अभिव्यक्त हो रहा हैं। किं वा शांत रस की उत्पत्ति हो रही है।

श्रद्धा-क्षमा-विनय-मार्दव-सत्य-भक्ति, सारल्य-साम्य-शुचि-सद्गुणरत्नमालाम्।
धत्ते जनो य इह कण्ठगतामजस्रं, तस्यास्पदं भवति भ्रदमचिन्त्यमेवा।।[62]

श्रद्धा, क्षमा, विनय, मृदुता, सत्य, भक्ति, सरलता, समता और शुचितारूप परम पवित्र गुणों की माला को जो निरन्तर अपने कण्ठ में धारण करता है, उसका निवास स्थान भी अनिर्वचनीय कल्याणमय बन जाता है। प्रस्तुत पद्य में
शांत रस का लक्षण घटित हो रहा है।

अध्यात्मचिन्ता सुचिरं विधेया, कदापि हेया न विमोक्षवीथिः।
गेया गुरोः सद्गुणगीतिरेव, ध्येया कृतिः सद्विषणाधनेन।।
क्वचित् कलाया न मदो विधेयो, न दम्भचर्या न च दोषवृद्धिः।
कृतातिचारस्य विशुद्धिराशु, कार्या विकार्या न विचारवृत्तिः।।[63]

तुम्हें अपनी बुद्धि का सदुपयोग करना है तो तुम निरन्तर अध्यात्म चिन्तन करते रहो। मोक्षमार्ग को कभी मत छोड़ो। गुरुजनों के सद्गुणों याद करते रहो। अपने कार्यों को पैनी दृष्टि से देखते रहो। अपने में कोई कला या गुण हो तो उसका अहंकार मत करो। कपट से दूर रहो। दोष-वृद्धि को रोकने में सचेष्ट रहो। भूल से किए गए दोष का दण्ड लेकर शीघ्र ही उसकी विशुद्धि करते रहो और चित्तवृत्ति को

कभी विकार की ओर मत झुकने दो। सम्यग्दर्शन आदि रत्नत्रय और मोक्ष का विवेचन पढ़कर सहृदय पाठक की मनोवृत्ति में निर्वेद जागृत हो जाता है और वैराग्य भावना पुष्ट होती हैं।

वृद्धिर्यतः समुपयाति सुभारतेश्च, तां भारतीं भगवतां वदनाद्विवृष्टाम्।
धत्ते जनो य इहः कण्ठगतामजस्रं, शुद्धान्ततः सृतमलंकृतिभिः कृताभिः।।[64]

जिससे पवित्र आनन्द की वृद्धि होती है, भगवान के मुख से उत्पन्न उस वाणी को जो विशुद्ध भाव से अपने कण्ठ में धारण करता है, उसे अन्य अलंकारों की कोई आवश्यकता नहीं है। चित्त निग्रह आलम्बन विभाव भगवतवाणी उद्दीपन विभाव संताप संचारी से तत्त्वज्ञान जनित शम स्थायिभव होने से शांत रस उद्घाटित हो रहा हैं।

उपसंहार

इस प्रकार आचार्य तुलसी के साहित्य में शांतरस का शुभग एवं आस्वाद्यरूप विद्यमान है जो कृतियों के मूल स्वरूप के अनुरूप हैं। रस का प्रसंगानुकूल प्रयोग हुआ है। आचार्य तुलसी के पंचसूत्रम्, शिक्षाषण्णवति, कातन्त्रषट्त्रिंशिका, संघषट्त्रिंशिका में प्रसंगाकूल रसों के प्रयोग होने से अपूर्व लावण्य की सृष्टि हुई। सहृदय पाठक का अन्तःकरण काव्य का श्रवण करते ही द्रवीभूत होने लगता है, पेरम या करुण के प्रसंगों को सुनकर मनुष्य का चित्त अकस्मात् आर्द्र हो जाता है तभी वह उस भाव भूमि पर आसीन होता है और उसका चित्त आनन्द से आप्लावित होने लगता है। इन उपादानों के निकष पर परीक्षण करने से स्पष्ट होता है कि आचार्य तुलसी काव्यशास्त्र के प्रयोगधर्मा, मर्मज्ञ उत्कृष्ट मनीषी है। आचार्य तुलसी के संस्कृत साहित्य का भावगाम्भीर्य, काव्यशास्त्रान्विति और तदनुरूप प्रस्तुतिकरण सर्वतोभावेश प्रशस्य है। इन समस्त रचनाओं ने अपने भाव प्रसूनों और रचना कौशल से वाग्देवी के भव्यप्रसाद का अभिराम अलंकरण किया है।

आचार्य तुलसी का संक्षेप परिचय

भारतीय वाङ्मय के अंतर्गत संस्कृत साहित्य का महत्वपूर्ण स्थान है। संस्कृत भाषा में जैन साहित्य की (मधुर) सरिता द्वितीय शताब्दी से लेकर अद्यावधी तक निर्बाध गति से प्रवाहित होती रही है। यद्यपि साहित्य सृजन की यह धारा कभी तीव्र हुई तो कभी क्षीणा परन्तु 8वीं शताब्दी से 18वीं शताब्दी तक यह अविच्छिन्न रूप से प्रवाहित होती रही। 18वीं शताब्दी के पश्चात भी संस्कृत भाषा में जैन साहित्य लिखा जाता रहा है। 20वीं सदी के प्रमुख संस्कृत जैन रचनाकारों में आचार्य तुलसी का अप्रतिम स्थान है। आचार्य तुलसी ने जैन सिद्धांतदीपिका, भिक्षुन्यायकर्णिका, मनोनुषासनम्, पंचसूत्रम्, शिक्षाषण्णवति, कातन्त्रषट्त्रिंशिका, संघषट्त्रिंशिका जैसे सुन्दर रचनाएं प्रस्तुत कर संस्कृत साहित्य के भण्डार को समृद्ध बनाया हैं।

संदर्भ सूची

1 भरत नाट्यशास्त्र 6.32 वृत्ति 92
2 काव्य दर्पण - पृ. 43
3 ध्वन्यालोक-आनन्दवर्धन, अनुवादक डा. रेवाप्रसाद द्विवेदी, पृ. 160
4 साहित्यदर्पण-विश्वनाथ, 3. 2-3.71
5 तैत्तिरीयोपनिषद् 2.7.1
6 भारतीय साहित्यशास्त्र कोश, पृ. 1038

7 काव्यात्मा मीमांसा, पृ. 12-13
8 अपारे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः।
यथास्मैः रोचते विश्वम् तथेदम् परिवर्तते।। ध्वन्यालोक, तृतीयोद्योत, पृ.530
9 रस सिद्धान्त का पुनर्विवेचन - पृ. 388
10 भारतीय साहित्यशास्त्र कोश,पृ. 1042-43

11 काव्यप्रकाश, 4.28.91
12 साहित्य दर्पण 3.3.72
13 तत्रैव 3.28 व्याख्या 95
14 तत्रैव 3.29
15 तत्रैव
16 आलम्बनो नायिकादिस्तमालम्व्य रसोद्गमात् - साहित्यदर्पण 3.29
17 आलम्बनस्य चेष्टाद्या देशकालादयस्तथा - साहित्य दर्पण 3.132
18 भरत-नाट्यशास्त्र, 7.5.106
19 दशरूपक 4.3.263
20 साहित्यदर्पण 3.132.200
21 भारतीय काव्य शास्त्र- डा. सत्यदेव चैधरी
22 स्थायिन्युन्मग्ननिर्मग्नाः-साहित्यदर्पण, 3.140
23 संचारयति भावस्य गतिमिति संचारी। विशेषेण आभिमुख्येनस्थायिनं प्रति चरति इति व्यभिचारी-साहित्य कौमुदी, 4.7
24 भरत-नाट्यशास्त्र, 7; व्यभिचारीवृत्ति - 112
25 दशरूपक -धनंजय 4.7.267
26 साहित्यदर्पण 3.140
27 महाकवि भवभूति के नाटकों में ध्वनितत्त्व-डा. शिवबालक द्विवेदी, पृ. 50
28 साहित्यदर्पण 3.174
29 नाट्यशास्त्र- भरत 7.8
30 साहित्यकौमुदी 4.7
31 दशरूपक 4.34.301
32 सरस्वती कण्ठाभरण 5.19.541
33 रसगंगाधर समीक्षात्मक अध्ययन, पृ. 38
34 महाकवि भवभूति के नाटकों में ध्वनितत्त्व-डा. शिवबालक द्विवेदी, पृ. 51
35 नाट्यशास्त्र-भरत, 6.15-17
36 विक्रमोर्वशीयम् .1.18

37 एन.एफ.आर.पी. पृ. 13
38 अभिनवभारती 1.342
39 काव्यप्रकाश 2.35
40 ध्वन्यालोक पृ. 384
41 तत्रैव पृ. 390
42 सादित्यदर्पण 3.251
43 काव्यप्रकाश 4.35
44 नाट्यशास्त्र-भरत, 7.4; प्रक्षिप्त 104
45 ध्वन्यालोक-आनन्दवर्धन, 4.5.572
46 भाव प्रकाशन, पृ. 48
47 लोचन, पृ. 434
48 साहित्यदर्पण 3.246-47
49 श्रीमद्भागवतः काव्यशास्त्रीय परिशीलन, पृ. 265
50 नाट्यशास्त्र- भरत 7.28-29.113
51 काव्यालंकार 15.15-16, 166
52 ध्वन्यालोक 3.431
53 काव्यप्रकाश 4.36-135
54 दशरूपक 4.45.352
55 अभिनवभारती, भाग 1.334
56 तत्रैव, भाग 1.624
57 नाट्यशास्त्र- भरत 6 प्रक्षिप्त अंश 103-4
58 शिक्षाषण्णवति 1
59 पंचसूत्रम् 4.5
60 शिक्षाषण्णवति 2
61 तत्रैव
62 तत्रैव 92
63 कातन्त्यषट्त्रिंशिका 37
64 शिक्षाषण्णवति 91

****

02 12 2015
RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
DEEMED UNIVERSITY
02 12 2015
03 12 2015
03 12 2015
RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
DEEMED UNIVERSITY
UNDER MHRD.GOVT OF INDIA
03 12 2015

03 12 2015
02 12 2015
RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
DEEMED UNIVERSITY
UNDER MHRD.GOVT OF INDIA
03 12 2015
03 12 2015
RASHTRIYA SANSKRIT SANSTHAN
DEEMED UNIVERSITY
UNDER MHRD.GOVT OF INDIA